NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
# विजडम इंडिया
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 568 लखनऊ, मंगलवार 08 अक्टूबर 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

# जेवर एयरपोर्ट पर एक्सपोर्ट हब स्थापित करेगी योगी सरकार, कृषि उत्पादों के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

संवाददाता।

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के एग्रीकल्चर सेक्टर की तस्वीर बदलने एवं कृषि उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हाल ही में उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड रूरल इंटरप्राइजेज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपी एग्रीज) परियोजना को हरी झंडी दी है। लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के किसानों की आय, कृषि उत्पादकता एवं कृषि से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए यूपी एग्रीज परियोजना के तहत जेवर एयरपोर्ट के पास एक्सपोर्ट हब की स्थापना करने जा रही है। इसे विश्व बैंक की मदद से धरातल पर उतारा जाएगा। इसके अलावा विश्व स्तर पर 2 से 3 उपज का बड़े पैमाने पर निर्यात करने के लिए कृषि एसईजेड (स्पेशल इकॉनमिक जोन) की स्थापना की जाएगी। साथ ही, 2 से 3 विश्व स्तरीय हैचरी भी स्थापित की जाएगी। सीएम योगी ने यूपी एग्रीज योजना के तहत किसानों को कृषि क्षेत्र में ऋण



को बढ़ावा देने के लिए व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। योगी सरकार का यह प्रयास प्रदेश के कृषि सेक्टर को पूरे देश का पावर हाउस बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हाई वैल्यू कृषि उत्पादों के एक्सपोर्ट के लिए जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगा एक्सपोर्ट हबमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के एग्रीकल्चर सेक्टर की तस्वीर बदलने एवं कृषि उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हाल ही में उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड रूरल इंटरप्राइजेज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपी एग्रीज) परियोजना को हरी झंडी दी है। इसके तहत कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए जेवर एयरपोर्ट के पास एक्सपोर्ट हब की स्थापना की जाएगी। इसके जरिये, हाई वैल्यू कृषि उत्पाद जैसे मूंगफली, सब्जी, काला नमक चावल, तिल आदि को विदेशों में एक्सपोर्ट किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मीट, बासमती चावल, फल–सब्जियां व खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर से जुड़े विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट उत्तर प्रदेश बड़े स्तर पर करता है। ऐसे में, कृषि उत्पादों के जरिये एक्सपोर्ट की प्रक्रिया को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए यहां 30,750 क्लस्टर फार्मर्स ग्रुप को विकसित किया जाएगा। वहीं, एक्सपोटर्स के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना की जाएगी। यूपी एग्रीज परियोजना के तहत प्रदेश के कृषि उत्पाद की 2 से 3 उपज को बड़े पैमाने पर निर्यात करने के लिए कृषि (स्पेशल इकोनॉमी जोन) एसईजेड की स्थापना की जाएगी, जो फॉरवर्ड लिंकेज और निर्यात बाजारों के बड़े हिस्से पर कब्जा करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इन्हें प्रदेश के 11 जिलों में विकसित किया जाएगा। इनमें काला नमक चावल के लिए सिद्धार्थनगर और गोरखपुर में एसईजेड की स्थापना की जाएगी। वहीं मूंगफली के लिए झांसी, उरद के लिए ललितपुर, सब्जियों के लिए जौनपुर, भदोही, बनारस, गाजीपुर और बलिया में एसईजेड की स्थापना की जाएगी। परियोजना के तहत अगले पांच वर्षों में प्रदेश की प्रमुख फसलों की उत्पादकता में 30 से 50 प्रतिशत की वृद्धि के लिए व्यापक कदम उठाए जाएंगे। इससे किसानों की आय में कम से कम 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होगी।

## महाराष्ट्र में दलित के घर पहुंचे राहुल गांधी, मिलकर बनाया खाना, बोले- संविधान की हम करेंगे रक्षा

एजेंसी।

नई दिल्ली राहुल ने इस बात पर जोर दिया कि सच्चा समावेश और समानता तभी साकार होगी जब हर भारतीय भाईचारे की भावना को अपनाएगा। वीडियो में राहुल गांधी की अजय तुकाराम सनाडे और अंजना तुकाराम सनाडे के घर की यात्रा को कैद किया गया है, जहां उन्होंने पारंपरिक दलित भोजन पकाने में भाग लिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक दलित परिवार के साथ बातचीत के दौरान संविधान की रक्षा और बहुजनों के अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सोमवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किए गए एक वीडियो में, राहुल ने इस बात पर जोर दिया कि सच्चा समावेश और समानता तभी साकार होगी जब हर भारतीय



भाईचारे की भावना को अपनाएगा। वीडियो में राहुल गांधी की अजय तुकाराम सनाडे और अंजना तुकाराम सनाडे के घर की यात्रा को कैद किया गया है, जहां उन्होंने पारंपरिक दलित भोजन पकाने में भाग लिया। राहुल ने वीडियो साक्षा करते हुए कहा कि दलित किचन के बारे में आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। जैसा शाहू पटोले जी ने कहा, "दलित क्या खाते हैं, कोई नहीं जानता।" वो क्या खाते हैं, कैसे पकाते हैं, और इसका सामाजिक और राजनीतिक महत्व क्या है, इस जिज्ञासा के साथ, मैंने अजय तुकाराम सनदे जी और अंजना तुकाराम सनदे जी के साथ एक दोपहर बिताई। उन्होंने कोल्हापुर, महाराष्ट्र में मुझे अपने घर सम्मान के साथ बुलाकर रसोई में हाथ बंटाने का मौका दिया। हमने मिलकर चने के साग की सब्जी शहरभऱ्याची भाजीश और बैंगन के साथ तुवर दाल बनाई। उन्होंने आगे लिखा कि पटोले जी और सनदे परिवार के जाति और भेदभाव के निजी अनुभवों पर बात करते हुए, हमने दलित खानपान के प्रति जागरूकता की कमी और इस संस्कृति के प्रलेखन के महत्व पर चर्चा की। राहुल ने कहा कि बहुजनों को हिस्सेदारी और अधिकार संविधान देता है, और उस संविधान की रक्षा हम करेंगे। लेकिन समाज में सभी की सच्ची समावेशिता और समानता तभी संभव होगी जब हर एक भारतीय दिल में भाईचारे की भावना के साथ प्रयास करे। बातचीत के दौरान मौजूद साहू पटोले ने राहुल को अपनी किताब दलित किचन ऑफ मराठवाड़ा के बारे में बताया, जिसका अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है। पुस्तक का उद्देश्य दलितों द्वारा खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों को दृश्यता प्रदान करना है, जो काफी हद तक कई लोगों के लिए अज्ञात हैं।

## बिहार में डिप्टी सीएम के बंगले पर सियासत, बीजेपी का आरोप

मंत्री और भाजपा नेता डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बंगला खाली होने पर सरकारी सामान वहीं रह जाता है। उसे हटाना गलत है और अगर ऐसा किया गया है तो सरकार इसे देखेगी। सम्राट चौधरी के सरकारी आवास में शिफ्ट होने से पहले एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को आरोप लगाया कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके लोगों ने सरकारी बंगला खाली करने से पहले उसमें से बिस्तर और सोफे, वॉश बेसिन और पानी के नल सहित फर्नीचर गायब कर लिए। यह घटनाक्रम मौजूदा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के उस आवास में स्थानांतरित होने की पृष्ठभूमि में आया है, जो पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के पास था।



सम्राट चौधरी को हाल ही में पटना में 5 देशरत्न रोड पर बंगला आवंटित किया गया था और वह विजयादशमी के शुभ अवसर पर इसमें रहने वाले हैं। मंत्री और भाजपा नेता डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बंगला खाली होने पर सरकारी सामान वहीं रह जाता है। उसे हटाना गलत है और अगर ऐसा किया गया है तो सरकार इसे देखेगी। सम्राट चौधरी के सरकारी आवास में शिफ्ट होने से पहले एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया। तेजस्वी यादव पर सरकारी बंगले में पानी के नल और लाइट समेत जरूरी सामान लूटने का आरोप लगा है। सम्राट चौधरी के निजी सचिव शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया कि हम सामने ला रहे हैं ।

## सीएम सिद्धारमैया का बड़ा दांव, 18 अक्टूबर को कैबिनेट में पेश कर सकते हैं जाति जनगणना रिपोर्ट

एजेंसी।

नई दिल्ली सीएम ने मीडियाकर्मियों से कहा, ये नेता अपनी पार्टी लाइनों से ऊपर उठे और रिपोर्ट को लागू करना चाहते थे। प्रमुख समुदायों की ओर से आ रहे विरोध पर सीएम ने कहा कि वह कैबिनेट की सलाह मानेंगे। कर्नाटक में जाति जनगणना रिपोर्ट में आखिरकार कुछ गति देखने को मिल सकती है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को घोषणा की कि वह इसे 18 अक्टूबर को कैबिनेट के सामने ला सकते हैं, क्योंकि उन पर ओबीसी समुदायों के विधायकों का भारी दबाव था और उन्होंने उनसे ऐसा करने का आग्रह किया था। इससे पहले दिन में, सीएम ने विधान सौध में मंत्रियों, विधायकों और ओबीसी समुदायों के नेताओं के साथ बैठक की। सीएम ने मीडियाकर्मियों से कहा, ये नेता अपनी पार्टी लाइनों से ऊपर उठे और रिपोर्ट को लागू करना चाहते थे। प्रमुख समुदायों की ओर से आ रहे विरोध पर सीएम ने कहा कि वह कैबिनेट की सलाह मानेंगे। राज्य के स्थायी पिछड़ा वर्ग आयोग ने लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले फरवरी में 13–खंड की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रिपोर्ट सीएम को सौंपी थी। हालाँकि, सरकार ने रिपोर्ट की सामग्री को गुप्त रखा है। सीएम ने कहा कि उन्होंने अभी तक रिपोर्ट नहीं देखी है। एच कंथाराजू आयोग ने सीएम के रूप में अपने पहले कार्यकाल (2013–2018) के दौरान घरों का दौरा करके सर्वेक्षण किया और रिपोर्ट तब तैयार हुई जब एचडी कुमारस्वामी सीएम थे। हालाँकि, एचडीके इस रिपोर्ट को स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं हुई और ऐसा ही बाद की भाजपा सरकार ने भी किया।विपक्षी दलों समेत 30 विधायकों ने बैठक कर रिपोर्ट लागू करने की मांग की है। यह सर्वेक्षण सिर्फ ओबीसी समुदायों की जनगणना नहीं है। सिद्धारमैया ने कहा, यह सात करोड़



कन्नडिगाओं का एक व्यापक सर्वेक्षण है, और कर्नाटक इस तरह का सर्वेक्षण करने वाला पहला राज्य था। बिहार सरकार द्वारा पिछले साल अक्टूबर में जातियों का सर्वेक्षण जारी करने के बाद सिद्धारमैया शासन पर रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का दबाव था, जिसके अनुसार ओबीसी और अत्यंत पिछड़ा वर्ग राज्य की आबादी का 63: से अधिक हिस्सा बनाते हैं। राज्य के सबसे बड़े समुदाय वीरशैव–लिंगायत और वोक्कालिगा जाति जनगणना रिपोर्ट पर किसी भी कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं क्योंकि इन समुदायों को चिंता है कि अगर रिपोर्ट पर असर पड़ा तो वे अवसर और राजनीतिक ताकत खो देंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पिछले साल दिसंबर में राज्यसभा में कहा था कि जाति जनगणना के विरोध में सभी ऊंची जातियां एकजुट हैं, जिनमें उनकी अपनी पार्टी के सदस्यों के साथ–साथ भाजपा के लोग भी शामिल हैं। वीरशैव महासभा और वोक्कालिगरा संघ दोनों के साथ–साथ कई कांग्रेस विधायकों ने सर्वेक्षण के निष्कर्षों का विरोध किया है।

## ओडिशा ने माओवादियों से निपटने के लिए केंद्र से हेलीकाप्टर, सुरक्षा बलों की मांग की

एजेंसी।

भुवनेश्वर । मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य में माओवादियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार से एक हेलीकॉप्टर और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 12 कंपनियों की सोमवार को मांग की। पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से माओवादियों के ओडिशा में प्रवेश की आशंका के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने यह मांग की है।ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य में माओवादियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार से एक हेलीकॉप्टर और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 12 कंपनियों की सोमवार को मांग की। पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से माओवादियों के ओडिशा में प्रवेश की आशंका के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने यह मांग की



है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि माझी ने सोमवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित माओवाद संबंधी समीक्षा बैठक के दौरान यह मांग उठाई। बयान में कहा गया कि माझी के साथ वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित बैठक में भाग लिया। उन्होंने कहा कि ओडिशा सरकार ने सुरक्षा बल की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पूर्व सैनिकों के ओएसएसएफ (ओडिशा स्पेशल स्ट्राइकिंग फोर्स) की तीन बटालियन गठित की हैं। उन्होंने कहा कि जब तक भर्ती किए गए कर्मियों को तैनात नहीं किया जाता, तब तक छत्तीसगढ़ से घुसपैठ को रोकने और खुफिया–आधारित अभियानों को बढ़ाने की सख्त जरूरत है। माझी ने बैठक में कहा, "वर्तमान परिदृश्य में मैं आपसे (केंद्र से) अनुरोध करता हूं कि जब तक भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, केंद्रीय बलों को वापस न बुलाया जाए। साथ ही, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि दो साल की अवधि के लिए सीएपीएफकी कम से कम 12 कंपनियां भेजी जाएं, जिन्हें वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया जाए, ताकि घुसपैठ को रोका जा सके और समयबद्ध तरीके से ओडिशा से वामपंथी उग्रवाद को खत्म किया जा सके।" अधिक सुरक्षा बलों की मांग को उचित ठहराते हुए माझी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों की बड़े पैमाने पर तैनाती

## लखनऊ व्यापार मंडल ने लोहा व्यापारी के खिलाफ मुकदमे का विरोध किया

लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ इकाई के पदाधिकारियों ने सोमवार को एक आपात बैठक बुलाकर गाजियाबाद के लोहा व्यापारी अक्षय जैन के खिलाफ सहायक आयुक्त राज्य कर साहिबाबाद द्वारा लिखाए गए मुकदमे का विरोध करते हुए उसे वापस लेने की मांग की। संगठन के अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल और महामंत्री योगेंद्र सिंह ने बताया कि 4 अक्टूबर को गाजियाबाद के लोहा व्यापारी अक्षय जैन के गोदाम से एक ट्रक सरिया लदी जा रही थी। इस ट्रक को गाजियाबाद के मोहन नगर चेक पोस्ट पर रोककर व्यापारी को चालान किए जाने की जानकारी दी गई।सचल दल अधिकारियों ने आरोप लगाया कि लदे हुए माल की साइज अंकित न होने के कारण लगभग 2 लाख रुपये का जुर्माना देना होगा। इस पर लोहा व्यापारी अक्षय जैन ने अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि सरिया की साइज नहीं निहित होती है। इसका हवाला देते हुए उन्होंने सचल दल अधिकारियों से गाड़ी छोड़ने का निवेदन किया, लेकिन सचल दल द्वारा टारगेट की बात करते हुए जुर्माना भरने का दबाव बनाया गया। जिसके विरोध में लोहा व्यापारी अक्षय जैन मोहन नगर चेक पोस्ट पर जाकर अर्धनग्न अवस्था में कार्यालय की जमीन पर बैठ गए। चार घंटे के विरोध के बाद सचल दल अधिकारियों ने दस हजार रुपये की पेनाल्टी लगाकर गाड़ी को छोड़ दिया। यह घटना सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापारी समाज में तेजी से वायरल हो रही है, जिससे विभाग पर प्रश्न उठ रहे हैं।महामंत्री योगेंद्र सिंह ने कहा कि विभाग गलती मानने के बजाए सहायक आयुक्त राज्य कार्यालय सचल दल इकाई गाजियाबाद द्वारा 6 अक्टूबर को इस घटनाक्रम को लेकर लोहा व्यापारी अक्षय जैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है, जिससे व्यापारी समाज में आक्रोश और नाराजगी का वातावरण व्याप्त है।

## सड़क दुर्घटनाओं पर रोक के लिए 78 रोड सेफ्टी आफिसर पदों का प्रस्ताव

लखनऊ,(आरएनएस ) बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मिनिस्टीरियल सर्विस एसोसिएशन कार्यालय परिवहन आयुक्त ने राज्य सरकार को 78 नए रोड सेफ्टी ऑफिसर (आरएसओ) पदों का प्रस्ताव भेजा है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार, यात्रीध्माल कर अधिकारी (पीटीओ) के पदनाम को रोड सेफ्टी ऑफिसर में बदलते हुए इन पदों का सृजन अपेक्षाकृत कम खर्च पर किया जा सकता है।एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष श्रीवास्तव और उपाध्यक्ष ममता ने बताया कि पीटीओ 4600 ग्रेड पे का पद है, जिसका जनपदों में प्रवर्तन कार्य एआरटीओ प्रवर्तन के समान होता है। वर्तमान में 120 पीटीओ पद स्वीकृत हैं, और नए प्रस्तावित 78 आरएसओ पदों के सृजन से विभागीय कार्य को और मजबूत किया जा सकेगा।आरएसओ पदों के सृजन से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि सड़क सुरक्षा अभियानों की गति और प्रभावशीलता भी बढ़ेगी। इसके साथ ही, इन पदों के माध्यम से हर साल लगभग 684.72 करोड़ रुपये के राजस्व संकलन की उम्मीद है। एसोसिएशन का मानना है कि रोड सेफ्टी ऑफिसर का पद प्रवर्तन कार्य, राजस्व संकलन, और सड़क सुरक्षा अभियानों की दृष्टि से राज्य सरकार और समाज के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगा।

## भदोही जनपद के प्रभारी मंत्री का दौरा, विकास कार्यों की समीक्षा

लखनऊ(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री व भदोही जनपद के प्रभारी मंत्री ने सोमवार को जनपद भदोही का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने पदीय उत्तरदायित्वों के साथ जनमानस से शिष्टाचार पूर्वक व्यवहार करें और केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करें।उन्होंने जनप्रतिनिधियों से निरन्तर संवाद करने और जनहित के कार्यों को समय–सीमा में पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हफ्ते में एक दिन जनप्रतिनिधियों से संवाद के लिए रखें।इसके अलावा, उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिया कि पेयजल पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़कों को सही कराया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को भी जर्जर तारों और खंभों को दुरुस्त करने के लिए कहा।उन्होंने शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर सभी जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी।

## चंदौली में जदयू संगठन की समीक्षा बैठक, संगठन विस्तार पर जोर

लखनऊ,(आरएनएस )बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के सह–प्रभारी श्रवण कुमार सोमवार को उत्तर प्रदेश के चंदौली पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी के संगठनात्मक कार्यों का जायजा लिया। चंदौली के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में उन्होंने जदयू) के स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान और संगठन विस्तार की समीक्षा की।इस बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। श्रवण कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के विचार भी सुने और उन्हें पार्टी के संगठनात्मक कार्यों को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

## सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए गोवंश के गले में रेडियम पट्टी लगाने के आदेश

लखनऊ(आरएनएस ), उत्तर प्रदेश सरकार ने गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष नियमावली 2019 के तहत 50 लाख रुपये की राशि का उपयोग करते हुए किसानों और पशुपालकों के गोवंश के गले में सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए रेडियम पट्टी लगाने के आदेश जारी किए हैं।प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास एवं पशुधन विकास, श्री के. रविन्द्र नायक ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया है कि गो संरक्षण कोष का उपयोग आवश्यक व्ययों पर किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर एक आरक्षित कोष बनाया जाएगा, जिसका उपयोग आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में गोवंश के पालन–पोषण हेतु किया जा सकेगा।उन्होंने बताया कि गोवंश के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कई नीतियाँ एवं निर्देश समय–समय पर जारी किए जाते हैं। यह आदेश इसलिए भी जारी किया गया है क्योंकि समाचारों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से यह ज्ञात हुआ है कि राष्ट्रीय और जनपदीय राजमार्गों के समीप स्थित गांवों के पशुपालक अपने गोवंश को चराने के लिए सड़क पार करते हैं, जिससे दुर्घटनाएँ होती हैं।रेडियम पट्टी लगाने से गोवंश दूर से दिखाई देंगे, जिससे उनकी सुरक्षा के साथ–साथ सड़क पर आवागमन कर रहे लोगों को भी सतर्क रहने में मदद मिलेगी।

# मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की, आस्था का अपमान अस्वीकार्य– योगी आदित्यनाथ

लखनऊ,(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्वों और त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था की समीक्षा की है। उन्होंने कहा कि किसी भी जाति, मत, मजहब या सम्प्रदाय के इष्ट देवी–देवता, महापुरुषों या साधु–संतों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणियाँ अस्वीकार्य हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़–फोड़ या आगजनी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।मुख्यमंत्री ने आस्था के प्रति सम्मान बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को महापुरुषों या धार्मिक प्रतीकों के प्रति श्रद्धा रखने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता, और इसे जबरन थोपा नहीं जाना चाहिए। यदि कोई आस्था का अपमान करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर सजा दी जाएगी।उन्होंने पुलिस और प्रशासन को निर्देश दिया कि नवरात्रि और विजयादशमी के दौरान शांति और सौहार्द सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों में फुट पेट्रोलिंग और पीआरवी 112 की पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ–साथ महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए सभी विभागों को मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए।

# उ0प्र0 गोसेवा आयोग में उपाध्यक्ष और सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया

लखनऊ(आरएनएस ) मुख्यमंत्री द्वारा निराश्रित गोवंशों पंजीकृत गोशालाओं में संरक्षित गोवंशों के भरण–पोषण हेतु और वृहद स्तर पर गोवंश आधारित प्राकृतिक कृषि मॉडल को उत्तर प्रदेश में लागू करने हेतु उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्षों एवं सदस्यों को मनोनीत किया गया है। आज इन्दिरा भवन स्थित उ0प्र0 गोसेवा आयोग कार्यालय के सभागार में महेश कुमार शुक्ल ने उपाध्यक्ष, दीपक गोयल ने सदस्य और रमाकान्त उपाध्याय ने सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया।इस अवसर पर उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने गौ संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि गोवंश को प्रदेश के किसानों एवं पशुपालकों के लिए समृद्धि का आधार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण में योगदान देना हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। सदस्य दीपक गोयल ने गो संरक्षण एवं निराश्रित गोवंशों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की और कहा कि इस क्षेत्र में अभी और कार्य करना बाकी है, जिसे अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के नेतृत्व में पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ किया जाएगा।सदस्य रमाकान्त उपाध्याय ने विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित आयोग गो संरक्षण एवं गो संवर्धन की दिशा में मुख्यमंत्री के संरक्षण में नए आयाम स्थापित करेगा। आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि आयोग जल्द ही बोर्ड की बैठक बुलाकर कार्ययोजना तैयार करेगा और मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करके दिखाएगा। आज आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्षों एवं सदस्यों ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की और उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। गोवंश के महत्व से प्रदेश को अवगत कराने और भविष्य में गोवंशों के संरक्षण व संवर्धन हेतु कार्ययोजना तैयार करने का संकल्प लिया गया।माननीय पदाधिकारियों के मनोनयन के लिए आयोग के समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने वाराणसी की सफाई एवं मार्ग व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

लखनऊ (आरएनएस ) उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने वाराणसी की सफाई व्यवस्था, सीवर, जल निकासी, जलापूर्ति, और मार्ग प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश निकाय अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, और छठ पूजा जैसे त्योहारों के दौरान वाराणसी में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है, इसीलिए शहर की व्यवस्थाओं को मजबूत करने की आवश्यकता है। मंत्री ने गंगा और अन्य नदी घाटों की सफाई सुनिश्चित करने, सड़कों को जल्द से जल्द गड्ढामुक्त करने, और स्ट्रीट लाइटों को सही करने के निर्देश दिए, ताकि कहीं भी अंधेरा न हो। उन्होंने कहा कि सफाई कार्यों में लापरवाही नहीं होनी चाहिए और डोर टू डोर कूड़ा उठान और प्रबंधन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। शुक्रवार को जल निगम के फील्ड हॉस्टल श्संगमश में हुई वर्चुअल समीक्षा बैठक में मंत्री ने बनारस की सफाई, सुंदरीकरण, और नागरिक सुविधाओं में ढिलाई नहीं बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बनारस में गंदगी को सहन नहीं किया जाएगा। मंत्री ने 62,000 स्ट्रीट लाइटों में से 7,100 खराब लाइटों को ठीक कराने का निर्देश दिया, ताकि नवरात्रि के दौरान पूरे शहर में रोशनी बनी रहे। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव की जिम्मेदारी नगर विकास विभाग की है और बिना अनुमति के कोई कार्य कराने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास, सचिव नगर विकास, निदेशक नगरीय निकाय, महापौर वाराणसी, नगर आयुक्त वाराणसी और ईएसएसईएल कंपनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# पशु मित्रों का प्रदर्शन नियमित मानदेय और पदोन्नति की मांग

लखनऊ (आरएनएस )उत्तर प्रदेश पशुपालन निदेशालय के मुख्य द्वार पर सैकड़ों की संख्या में जुटे पशु मित्रों और मैत्रियों ने दो प्रमुख मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी पशु मित्रों और उनसे जुड़े संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा मित्र और पंचायत मित्रों के लिए नियमित मानदेय की व्यवस्था की गई है, उसी तरह उन्हें भी नियमित मानदेय दिया जाए।

पशु मित्रों ने बताया कि प्रदेश में उनकी संख्या 5,800 है, और उन्होंने मांग की कि प्रत्येक गौशाला में पशुओं की संख्या के अनुसार उनकी नियुक्ति की जाए। इससे गौशालाओं में कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण की प्रक्रिया सुदृढ़ हो सकेगी। प्रदेश में 6,500 गौशालाएं हैं, जहां केयरटेकर नियुक्त किए गए हैं और उन्हें नियमित मानदेय भी दिया जाता है। उनकी मांग है कि पशु मित्रों को प्रोन्नत कर केयरटेकर बनाया जाए, ताकि वे भी नियमित मानदेय की श्रेणी में आ सकें। इस दौरान, पशु मित्रों ने पशुपालन निदेशालय में निदेशक से मिलने और मांग पत्र देने का प्रयास किया, लेकिन निदेशक कार्यालय के बाहर सभी को रोक दिया गया। बाद में निदेशक ने वार्ता के लिए चार लोगों को आमंत्रित किया। प्रदर्शनकारियों ने अपने मांग पत्र को पशुपालन निदेशक को सौंपा, लेकिन निदेशक के रवैये से पशु मित्रों और मैत्रियों में आक्रोश व्याप्त हो गया।

# जांच रिपोर्ट की सटीकता में हेमोलिसिस और लीपेमिया का प्रभाव विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

लखनऊ,(आरएनएस ) लैब्स में अक्सर हेमोलिसिस और लीपेमिया के सैंपल्स की अधिकता के कारण रिपोर्टिंग पर असर पड़ता है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज, आगरा की बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. कामना सिंह ने कहा कि कई बार ये स्थितियां सैंपल्स में सामान्य आंखों से नजर नहीं आती हैं, पर परिणामों पर गहरा असर डालती हैं।

संस्थान के निदेशक डॉ. सी.एम. सिंह ने बताया कि संस्थान में आईवीएफ सुविधा उपलब्ध होने के कारण अधिकांश जांचें यहीं की जा सकती हैं, और जल्द ही मरीजों के लाभ के लिए एनपीएस जैसी अत्याधुनिक सुविधा लाने की योजना है। लोहिया संस्थान से आईं ऑब्स एंड गायनी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रूपिता कुलश्रेष्ठ ने गर्भावस्था के दौरान ड्युअल और क्वाड्रुपले टेस्ट की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन परीक्षणों के जरिए जन्म से पूर्व ही आनुवंशिक विकारों का पता लगाया जा सकता है और संदेह की स्थिति में जेनेटिक टेस्टिंग भी की जा सकती है। इसके अलावा, उन्होंने गर्भावस्था में हाइपरटेंसिव डिसऑर्डर्स के बायोमार्कर्स के महत्व को भी रेखांकित किया।पीजीआई के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राघवेंद्र लुगाईया ने मास स्पेक्ट्रोमेट्री तकनीक के भविष्य के बायोकेमिस्ट्री लैब्स के लिए अनिवार्यता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह तकनीक अत्यंत संवेदनशील होती है और सूक्ष्म अणुओं के भेद को पहचानने में सक्षम है, जिससे कैंसर जैसी जटिल बीमारियों के निदान में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका बनती जा रही है।

# अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला सत्ता का दुरुपयोग कर रही है भाजपा, जनता 2027 में सिखाएगी सबक

लखनऊ,(आरएनएस ) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए सत्ता का दुरुपयोग कर रही है और साजिश एवं षड़यंत्र की सभी सीमाएं पार कर चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों, नौजवानों, व्यापारियों और गरीबों के साथ विश्वासघात किया है। अखिलेश यादव का दावा है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी और उनके षड़यंत्रों को नाकाम करेगी।समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का आचरण जनविरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दौरान अत्याचार और अन्याय अपने चरम पर हैं और जन समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ है। महंगाई, बेरोजगारी, और भ्रष्टाचार बढ़ रहे हैं, और गरीबों की आवाज अनसुनी हो रही है।

बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान

अखिलेश यादव ने पार्टी नेताओं से संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा को हराने के लिए जमीनी स्तर पर मेहनत करनी होगी और बूथ एजेंट नियुक्त करके किसान, नौजवान समेत सभी वर्गों की समस्याओं को उठाना होगा। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में किए गए विकास कार्यों को जनता आज भी याद करती है और प्रदेश की जनता समाजवादियों की ओर बड़ी उम्मीदों से देख रही है।

ष्भाजपा ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कियाष

अखिलेश यादव ने भाजपा पर उत्तर प्रदेश को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब जनता को 2027 का इंतजार है, जब भाजपा को सबक सिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता के साथ भेदभाव किया और संविधान तथा लोकतंत्र की मर्यादा का उल्लंघन किया है। जनता भाजपा की साजिशों को सफल नहीं होने देगी और उसे सत्ता से बाहर करेगी।

# भूमि ग्रुप द्वारा 15वां विशाल जागरण कार्यक्रम संपन्न

लखनऊ,(आरएनएस )लखनऊ में भूमि आईएएस और भूमि ग्रुप परिवार द्वारा मां भगवती के 15वें भव्य जागरण और जगराते का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कोलकाता से आए कलाकारों ने मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति दी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने रात भर जागरण किया और मां जगदंबा से सबकी कुशलता के लिए प्रार्थना की। भूमि परिवार के प्रमुख सदस्य और भाजपा नेता प्रदीप सिंह बब्बू ने जानकारी दी कि यह आयोजन पिछले 15 वर्षों से प्रतिवर्ष दो बार होता है, जिसमें मां भगवती की आराधना की जाती है। भूमि आईएएस के संस्थापक और ग्रुप के चेयरमैन बी एम सिंह, निदेशक रेनू सिंह और निदेशक अश्वनी सिंह ने भी इस मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने सपरिवार मां दुर्गा और उनके विभिन्न स्वरूपों की पूजा–अर्चना की। चेयरमैन बी एम सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों से श्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओश के संकल्प को पूरा करने की अपील की, जो मां भगवती की सच्ची आराधना का प्रतीक है।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल में सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 का भव्य शुभारंभ

लखनऊ(आरएनएस ) सोमवार को लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेक्टर 9 वृंदावन योजना शाखा में सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 का रंगारंग उद्घाटन हुआ। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 9 अक्टूबर तक चौक स्टेडियम में किया जाएगा, जिसमें 5 आयु वर्गों की लगभग 200 टीमें और 800 से अधिक प्रतिभागी 70 स्पर्धाओं में भाग लेंगे।समारोह की शुरुआत प्रिंसिपल और आयोजन समिति की सचिव डॉ. रूपाली पटेल के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद उपस्थित दर्शकों ने स्वागत गीत, नृत्य प्रदर्शन, और स्केटिंग ड्रिल का आनंद लिया। मुख्य अतिथि और भारतीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष तथा यूपी ओलंपिक के महासचिव आनंदेश्वर पांडे ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया।इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस के प्रबंधा निदेशक सुशील कुमार, निदेशक नेहा सिंह, मुख्य निरीक्षक वी.के. शर्मा, संजय प्रताप सिंह, मीडिया प्रमुख विजय मिश्रा और शहर के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों के प्रमुख उपस्थित थे। प्रतियोगिता का यह आयोजन युवा स्केटर्स को उनके कौशल का प्रदर्शन करने और खेल भावना को प्रोत्साहित करने का अवसर प्रदान करता है।प्रतियोगिता का सफल उद्घाटन न केवल प्रतिभागियों के लिए बल्कि दर्शकों के लिए भी एक यादगार अनुभव साबित हो रहा है, जो खेल की भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है।

# दीपोत्सव–2024 में दिव्य अयोध्या मोबाइल एप्लिकेशन से श्रद्धालुओं को मिलेगी अयोध्या की संस्कृति और इतिहास की जानकारी

लखनऊ,(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश सरकार दीपोत्सव–2024 का भव्य आयोजन करने जा रही है, जिसमें सरयू नदी के तट और राम की पैड़ी पर रिकॉर्ड संख्या में दीप जलाए जाएंगे। इस अवसर पर देश–विदेश से भारी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के अयोध्या आने की संभावना है।इस वर्ष, दिव्य अयोध्या मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से विश्वभर में डिजिटल दीप प्रज्वलित करने की व्यवस्था की गई है। यह एप्लिकेशन अयोध्या की संस्कृति, इतिहास और विभिन्न आयामों की जानकारी श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराएगी। इसके जरिए श्रद्धालुओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार की रणनीति भी बनाई गई है।अयोध्या विकास प्राधिकरण ने दीपोत्सव मेले में दिव्य अयोध्या ऐप के प्रचार–प्रसार के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की है। यह एप्लिकेशन अयोध्या आने वाले पर्यटकों के लिए होम स्टे, गाइडेड टूर, टैक्सी सेवाएं और अन्य आवश्यक सेवाओं को एकल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से श्रद्धालुओं की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा। इसमें ठहरने के लिए होमस्टे, इलेक्ट्रिक कार, 50 इलेक्ट्रिक बसों की रूट स्थिति, संचालन का समय, ऑनलाइन टिकट बुकिंग, व्हील चेयर, और प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है।इस मोबाइल ऐप में स्थानीय व्यंजनों, पार्किंग की ऑनलाइन बुकिंग, और अयोध्या विजन–2047 की जानकारी भी मिलेगी। यह ऐप भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराएगा, जिससे विभिन्न भाषा–भाषियों को सहायता मिलेगी।भविष्य में, इस ऐप को एकीकृत नियंत्रण और कमान केंद्र से जोड़ा जाएगा, जिससे नगर में सफाई व्यवस्था और गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सकेगी। दिव्य अयोध्या मोबाइल ऐप के माध्यम से सरयू में संचालित क्रूज, नाव, और म्यूजिकल फाउंटेन के साथ टेंट सिटी की बुकिंग और ओडीओपी उत्पादों की बिक्री भी की जाएगी।

## कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए उमाशंकर बाजपेई, नेताओं ने दी बधाई

लखनऊ,(आरएनएस )अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों और समावेशी विचारधारा से प्रेरित होकर जनपद कानपुर के अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री उमाशंकर बाजपेई ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने उन्हें तिरंगा पट्टिका पहनाकर और कांग्रेस सदस्यता कार्ड देकर पार्टी में शामिल कराया। उमाशंकर बाजपेई के साथ इस मौके पर उनके समर्थक कुमार बाजपेई, अक्षय कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, मनीष श्रीवास्तव, विकास दीक्षित, आर्यन बाजपेई, मनीष बाजपेई और मो0 अख्तर भी शामिल हुए। दिनेश सिंह ने उमाशंकर बाजपेई का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी सदस्यता पार्टी को और मजबूती प्रदान करेगी।

## पूर्वोत्तर रेलवे ने टिकट चेकिंग अभियान में 1.67 करोड़ का जुर्माना वसूला

लखनऊ(आरएनएस ),सितंबर 2024 में, पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, लखनऊ, और अन्य रेलवे स्टेशनों पर बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए 24,783 मामलों में कुल ध्1,67,07,739 का जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त, 147 मामलों में अनबुक्ड लगेज पर ध्20,910 का राजस्व भी अर्जित किया गया। इस तरह, सितंबर माह के अभियान के दौरान कुल ध्1,67,28,649 की राशि संचित हुई।इस अभियान को सफल बनाने में मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुख्य चल टिकट निरीक्षक और आरपीएफ के अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्वच्छता पखवाड़ा 2024 - विशेष स्वच्छता अभियान 4.0

लखनऊ,(आरएनएस ) 'स्वच्छ रेल–स्वच्छ भारत मिशन' के तहत पूर्वोत्तर रेलवे ने 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक 'स्वच्छता पखवाड़ा 2024' विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 का आयोजन किया है। 7 अक्टूबर को 'स्वच्छ रेल पथ दिवस' मनाया गया, जिसमें ऐशबाग–बख्शी का तालाब, गोंडा जं0–गोण्डा कचहरी, और बस्ती–खलीलाबाद जैसे खंडों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों और ट्रैक के आस–पास की झाड़ियों, घास, और नालियों की सफाई की गई। इस अवसर पर यात्रियों को रेलवे ट्रैक को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक किया गया।8 अक्टूबर को 'स्वच्छ परिसर दिवस' के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें सभी रेलवे परिसरों और कॉलोनियों की सफाई की जाएगी।

## भीराखेरी-पलियाकलां रेल खंड पर भारी जल जमाव के कारण कई गाड़ियां रद्द

लखनऊ,(आरएनएस ) पूर्वोत्तर रेलवे ने भीराखेरी–पलियाकलां खंड पर भारी जल जमाव के कारण रेल यातायात में रुकावट के चलते कई विशेष गाड़ियों को 10 अक्टूबर तक रद्द कर दिया है। इसमें 05320 मैलानी–बिछिया, 05356 मैलानी–नानपारा और अन्य अनारक्षित विशेष गाड़ियां शामिल हैं। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।

## अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल 8 अक्टूबर को अलीगढ़ पहुंचेगा

लखनऊ,(आरएनएस ) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार, पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल 8 अक्टूबर 2024 को अलीगढ़ जनपद का दौरा करेगा। यह दौरा खैर रोड स्थित गोविंद नगर के गुरुद्वारे वाली गली में रहने वाले खटीक समाज के अविनाश सिंह की हाल ही में गोली मारकर हुई हत्या के मामले में संवेदना प्रकट करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल मृतक के परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना देगा और घटना की जानकारी जुटाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में मछली शहर जौनपुर की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप, पूर्व सांसद चौधरी बिजेंद्र सिंह, समाजवादी पार्टी अलीगढ़ के महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोसी, अलीगढ़ की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी धनगर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के पप्पू प्रधान खटीक और शहर अलीगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद साजिद शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल इस दौरान मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करेगा और न्याय की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी का समर्थन व्यक्त करेगा।।

## शक्ति सदन योजना के तहत 81 लाख रुपये मंजूर

लखनऊ, उत्तर प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत वृंदावन, मथुरा में स्थित निराश्रित महिलाओं के लिए संचालित 1000 क्षमता वाले शक्ति सदन के लिए 81 लाख रुपये की धनराशि मंजूर की है। यह राशि शक्ति सदन (होम फॉर विडोज) योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई है, जो कुल 242.75 लाख रुपये के प्रावधान का हिस्सा है। मंजूर की गई राशि निदेशक, महिला कल्याण विभाग के निवर्तन पर रखी गई है और इसके संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।जारी शासनादेश के अनुसार, निदेशक, महिला कल्याण को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग संबंधित योजना के अंतर्गत और नियमानुसार हो। इसके अलावा, यह भी ध्यान रखा जाएगा कि इस योजना के लिए मंजूर की गई धनराशि का पुनः आहरण न हो। वित्तीय मंजूरी उसी कार्य के लिए दी गई है जिसके लिए इसका उपयोग नियमानुसार किया जाएगा।

## कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय करेंगे मालदीव के राष्ट्रपति का स्वागत

लखनऊ,(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से उनके प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय कल, 8 अक्टूबर 2024 को आगरा में मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू और उनकी पत्नी साजिदा मोहम्मद का स्वागत करेंगे। मालदीव के राष्ट्रपति का आगमन सुबह एयरफोर्स स्टेशन, आगरा पर निर्धारित है, जहां कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उनकी अगवानी करेंगे।राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू अपने आगरा दौरे के दौरान शिल्पग्राम से ताजमहल का भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उन्हें उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहर से परिचित कराएंगे।अपने दौरे के अंत में, मालदीव के राष्ट्रपति की विदाई एयरफोर्स स्टेशन, आगरा से की जाएगी, जिसमें योगेंद्र उपाध्याय भी शामिल रहेंगे। मंत्री उपाध्याय ने इस अवसर को दोनों देशों के संबंधों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह भारत और मालदीव के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करने का एक ऐतिहासिक अवसर है।

## अयोध्या मंडल में 23 निर्माण कार्यों के लिए 3.45 करोड़ रुपये की राशि जारी

लखनऊ,(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत अयोध्या मंडल के विभिन्न जनपदों में 23 चालू कार्यों के लिए 3 करोड़ 45 लाख 99 हजार रुपये की धनराशि अवमुक्त की है। इनमें जनपद सुलतानपुर के 13, अयोध्या के 9 और बाराबंकी के 1 कार्य शामिल हैं।इस संबंध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी किया गया है।जारी शासनादेश में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आवंटित धनराशि का उपयोग परियोजनाओं पर मानक और विशिष्टियों के अनुरूप किया जाए। इसके अलावा, मार्गों को निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कर उपयोगिता प्रमाण पत्र और फोटोग्राफ्स शासन को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है।

## महंगाई से परेशान मध्यम वर्ग पर इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

लखनऊ,(आरएनएस ) इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजते हुए ध्यान आकर्षित किया है कि देशभर में बढ़ती महंगाई ने मध्यम वर्गीय परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने बताया कि यह वर्ग अपने परिवार के लिए दो वक्त की रोटी और बच्चों की शिक्षा का खर्च भी मुश्किल से उठा पा रहा है, जिसके चलते कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है।फेडरेशन के उप महासचिव अतुल मिश्रा द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि युवा वर्ग बेरोजगारी या आउटसोर्सिंग के तहत काम करने के कारण तनाव में है और गंभीर बीमारियों का सामना कर रहा है। मिश्र ने बताया कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों को चार किस्तों में मिलने वाला महंगाई भत्ता अभी तक नहीं मिला है, जिससे उनमें नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि इसका असर आगामी चुनावों में सत्ताधारी दल पर पड़ सकता है।फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा, सुरेश कुमार रावत, सतीश कुमार पांडे और उप महासचिव अतुल मिश्रा ने भी चेतावनी दी कि यदि उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों की जीवन रक्षा और अन्य समस्याओं का समाधान जल्दी नहीं हुआ, तो नवंबर के अधिवेशन में बड़े आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी भारत सरकार और राज्य सरकारों की होगी।

# केंद्र सरकार की गलत नीतियों व नई हज पॉलिसी में कमियों की वजह से मुश्किल हुई यात्रा

लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री श्री अनीस मंसूरी ने अपने कार्यालय स्थित लालबाग पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों व नई हज पॉलिसी में कमियों की वजह से हज 2025 पिछले साल की अपेक्षा और भी मुश्किल भरा होने वाला है। श्री मंसूरी ने कहा कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज 2025 की जो पॉलिसी बनाई है उसमें सबसे बड़ी विसंगति यह है कि एक ही परिवार के महिला और पुरुष हज यात्रियों को मक्का मुकर्रमा और मदीना मुनव्वरा में अलग–अलग होटल व भवनों में ठहराया जाएगा इसी वजह से हज यात्रियों ने बहुत कम आवेदन किया ।भारतीय हज यात्रियों के लिए यह सबसे बड़ी कष्ट दाई बात है कि उनके परिवार की महिलाओं को किसी और होटल या भवन में ठहराया जाए और पुरुष को किसी और होटल या भवन में ठहराया जाए। भारत से हज जाने वाले 90: पुरुष और महिलाएं वृद्ध होती हैं। यह सभी बीमारी की वजह से दवाओं और देखरेख पर आश्रित होते हैं। अलग–अलग रहने की वजह से इनको बड़ी तकलीफ होगी। वैसे भी भारतीय लोग अपने परिवार के लोगों के साथ ही ज्यादा कंफर्ट महसूस करते हैं।अनीस मंसूरी ने कहा कि यही कारण है कि 65 वर्ष आयु वर्ग के आरक्षित श्रेणी के मात्र 14728 लोगों ने ही आवेदन किया है, इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ड्रीम प्रोजेक्ट (बिना महरम )की मात्र 3717 महिलाओं ने ही आवेदन किया है।अनीस मंसूरी ने कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश के बजाये सब से अधिक 17397 लोग महाराष्ट्र से जायेंगे।अनीस मंसूरी ने कहा कि हज 2025 ने गुजरात को उत्तर प्रदेश से ऊपर रखा गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से मात्र 15497,लोग हज करने जायेंगे जबकि हमेशा आठवें या दसववें नंबर पर रहने वाले गुजरात से 15899 लोग हज करने जायेंगे।श्री मंसूरी ने कहा कि सरकार के लिए बड़े शर्म की बात है कि अंडमान दीप–दमन से मात्र 27लोग ही हज करने जायेंगे।देश के संपन्न राज्य चंडीगढ़ से मात्र 37 लोग दादर नागर हवेली से मात्र 42लोग, हिमाचल प्रदेश से मात्र 57 लोग हज करने जायेंगे।अनीस मंसूरी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से पुनः मांग करते हैं कि वह हज 2025 कि पॉलिसी से महिला और पुरुष यात्रियों को अलग अलग होटलों में ठहराने के नियम तथा 65 वर्ष आयु के प्रत्येक हज यात्री के साथ एक एक सहायक को भेजने के नियम में बदलाव करें साथ ही हज कमेटी ऑफ इण्डिया को पूर्व की तरह विदेश मंत्रालय के अधीन करें।




## रोबोटिक्स एवं ए.आई. लैब समेत अन्य आधुनिक सुविधाओं का सी.एम.एस. में भव्य उद्घाटन

लखनऊ, 7 अक्टूबर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस में नवनिर्मित विश्व स्तरीय 'रोबोटिक्स एवं ए.आई. लैब', आधुनिक कम्प्यूटर लैब, विशाल प्ले ग्राउण्ड आदि अत्याधुनिक सुविधाओं का उद्घाटन आज सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन एवं सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट डा.



रोजर डेविड किंगडन समेत सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं व बड़ी संख्या में शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों की उपस्थिति रही। सभी ने छात्रों को विज्ञान व प्रोद्योगिकी की अति–आधुनिक व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने एवं उनके सर्वांगीण विकास हेतु सी.एम.एस. के इस प्रयास की दिल खोलकर सराहना की। सी.एम.एस. की विश्व स्तरीय रोबोटिक्स एवं ए.आई. लैब में छात्रों को हैंड्स–आन रोबोटिक्स, एडवांस टेक साइंस एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स को सीखने व समझने का भरपूर अवसर मिलेगा। इसी प्रकार कम्प्यूटर लैब में छात्रों को कोडिंग, ओपन–सोर्स प्रोग्रामिंग, स्क्रैच आदि उन्नत प्रौद्योगिकी की भरपूर जानकारी मिलेगी।

इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने कहा कि सी.एम.एस. छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा को एक नया आयाम देने के लिए पूरी तरह संकल्पित है सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि वर्तमान दौर में छात्रों को आधुनिक तकनीक की जानकारी देना एवं आधुनिक तरीके से शिक्षा प्रदान करना बहुत जरूरी है, जिससे भावी पीढ़ी विश्व स्तर पर कदम से कदम मिलाकर चल सके। सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती जयश्री कृष्णन का कहना था कि एम.एस. छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण, जरूरी संसाधन व तकनीक प्रदान करने को तत्पर है। उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु अत्याधुनिकि सुविधाओं की स्थापना हेतु सी.एम.एस. प्रबन्धन का आभार व्यक्त किया।

## सोमित जोशी एस एस बी के महानिरीक्षक बनाए गए

बहराइच रूउत्तराखंड के मूल रूप से रहने वाले सोमित जोशी एस एस बी के महानिरीक्षक बनाए गए। उत्तराखंड के सोमित जोशी जो कि एस एस बी के कर्मठ व कर्तव्य निष्ठावान अधिकारी मे से



जाने जाते हैं एस एस बी में कमांडेंट के रूप में 2010 से २०१३ तक नानपारा के कमांडेंट के रूप में कार्य करना एक बेहतरीन कार्यकाल रहा श्री सोमित जोशी एस एस बी महानिरीक्षक अपने कार्यकाल के दौरान विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को वर्ष २०१३ में फतह किया। इसके अलावा माउंट सतोपंथ माउंट त्रिशूल माउंट कॉमेट एवं माउंट गंगोत्री जैसे पर्वतों का भी सफल आरोहण किया है। इनके कार्यकाल के दौरान नानपारा बहराइच में एस एस बी के वाहिनी मुख्यालय की नींव रखी गई और जमीन संबंधी व अन्य काई एस एस बी संबंधी मामलों का निस्तारण किया इसके पश्चात श्री जोशी का ट्रांसफर गौतम उत्तराखंड गया बिहार भी रहा बाल मुख्यालय दिल्ली आने से पहले श्री जोशी डी आई जी एस एस बी अकादमी भोपाल मैं कार्यरत थे ३ अक्टूबर को एस एस बी महा निदेशक के द्वारा महानिरीक्षक बनाया गया।श्री सोमित जोशी महानिरीक्षक ने बताया कि नानपारा बहराइच में वे एक कमांडेंट के रूप में ६ बटालियन में तैनात रह चुके हैं और उनको बहराइच जिले से विशेष लगाव है वो जल्द ही बहराइच आ कर क्षेत्र वासियों से मिलेंगे।वो एक विद्यालय में जो बटालियन के समीप स्थित है श्री कृपा राम जनजागृति हाई में बच्चों से भी मिलेंगे। विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि महा निरीक्षक श्री सुमित जोशी विद्यालय में प्रयोग शाला का उद्घाटन कर वृक्षारोपण कर बच्चों को संबोधित करेंगे।

## आखिर में मारा गया भेड़िया

बहराइच तहसील महसी अंतर्गत गांवों में आतंक का पर्याय बना भेड़िया आखिर में मारा गया। बहराइच में तीन महीनों से दस लोगों की भेड़ियों ने गला काट कर हत्या कर



दी है और लगभग साठ लोगों को घायल किया है जिससे पूरे प्रदेश का सूरक्षा विभाग भेड़ियों को पकड़ने में लगा हुआ है कल की रात तमाज पुर गांव में रात दस बजे ३ साल के बच्चे को भेड़िया ने उठाने का प्रयास कर ले जाने लगा तब तक उसकी मां की आंख खुल गई और शोर मचाना शुरू कर दिया गांव वालों ने घेर कर खोजना शुरू कर दिया तो पास के खेत में भेड़ियों की आहट सुनाई दी और गांव वालों ने भेड़ियों को पीट पीट कर मार डाला।घटना की सूचना पर डी एफ ओ ने भेड़ियों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## केरल के राज्यपाल ने वर्तमान पत्रकारों को महाभारत का संजय बताया

### -इस्लाम कभी भी जिहाद करने को नहीं कहता - आरिफ मौहम्मद खांन

(मथुरा) । दो दिवसीय नेशनल कॉन्फेडरेशन का आयोजन रविवार को वृंदा आनंदम रिसोर्ट में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान यहां पहुंचे। यहां उन्होंने नेशनल फ्रेडरेशन ऑफ न्यूज पेपर्स एंड न्यू एजेंसी एम्पलाइज ऑर्गेनाइजेशन द्वारा राष्ट्रीय कार्यशाला का प्रथम दिन दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया तथा पत्रकारों




का नाम संजय बताया। उन्होंने कहा पत्रकार एक समय यानी महारभारत का संजय है जोकि अपनी सारी जिम्मेदारी निष्पक्ष होकर निभाता है । आज का संजय है यानी पत्रकारों का एक नाम संजय है। देश भर से आए पत्रकारों के सवालों का जबाव दिया।

इसी के साथ केरल के राज्यपाल ने एक सवाल के जवाब में बोला कि इस्लाम कभी भी जिहाद करने को नहीं कहता वहीं उन्होंने ये भी कहा कि कुरान या इस्लाम में ये कहा है कि जब तक आपके ऊपर कोई अत्याचार या आपके ऊपर हमला नहीं करे या आपको आपके घर से बाहर कर दे तब जाकर आप किसी पर हमला जिहाद कर सकते है लेकिन कुछ लोग इसे सिर्फ अपने अपने स्वार्थ के अनुसार इस्तेमाल करते।

वहीं प्राचीन हिदाया किताब को लेकर बोले कि इस किताब में जिस तरह से स्लाम को पढ़ाया या बताया गया है वो सिर्फ हमारे हिंदुस्तान ओर पाकिस्तान में ही पढ़ाई जा रही है जबकि इस किताब में जो लिखा है उसका में चालीस साल से विरोध कर रहा हूँ । जबकि मीडिया से बातचीत करते हुए बोले कि मीडिया की आज बड़ी चुनौती है क्यों की अगर पक्ष में खबर लगे तो विपक्ष सवाल उठाए और विपक्ष में खबर लगाए तो पक्ष सवाल उठाए लेकिन ये अब नहीं शुरू से हुआ है ।लेकिन आज भी जब मीडिया के विरोध के स्वर सुनाई पड़ते है मगर लोकतंत्र,समाज, की कल्पना ही बिना मीडिया के नहीं कर सकते है ।

एक देश एक चुनाव को लेकर बोले कि इसमें कुछ लोग विरोध भी कर रहे है मगर उनके उस पक्ष को लेकर भी सोचना चाहिए कि आखिर क्यों कह रहे है और जिस तरह से कहा जा रहा है कि इसमें बार बार चुनाव में कर्मचारी हमेशा लगे रहते है तो इसपर भी विचार करना चाहिए । यूपी में दुकानों के नाम लिखने के सवाल पर बोले की मेरा राजनीतिक विवाद के सवाल पर बोलना उचित नहीं । वहीं कलकत्ता में राज्यपाल को लेकर दिए जा रहे बयान को लेकर बोले भैया बोलने वाले तो भगवान को नहीं छोड़ते इसमें गवर्नर क्या है । तिरुपति में प्रसाद मिलावट पर बोले की आप थोड़ा इंतजार करते जब केंद्र सरकार ने इसकी जांच कमेटी बिठाकर जांच कर रहे है तो इतनी जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए ।

इससे पूर्व मंचासीन राष्ट्रीय अध्यक्ष आईएफडब्ल्यूजे के विक्रम राय, जनरल सैक्रेटरी आईएफडब्ल्यूजे विपिन डौलिया, नेशनल सैक्रेटरी आईएफडब्ल्यूजे संतोष चतुर्वेदी, आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय कॉन्फेडरेशन इन्दुकांत दीक्षित ने पत्रकारों के हितों तथा ज्वलंतशील मद्दों पर एकजुटता से आवाज उठाई। कार्यक्रम का समापन आज राष्ट्रीय गान से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कर्नाटक, गुजरात, असम, हिमाचल, मिर्जोरम, नागालैण्ड, राजस्थान, मेघांचल, तमिलनाडू, केरल, पंजाब, ओडिसा, उड़ीसा, तेलगांना, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, पीटीआई, बिहार, दिल्ली, त्रिपुरा, गोवा, मनीपुर, समस्त बंगाल, महाराष्ट्र आंध्रप्रदेश, अंडोवार, पंजाब, महाराष्ट्र आंधप्रदेश, सिक्कम, अरूणांचल प्रदेश यूपी आईएफडल्ब्यूजे के समस्त पत्रकारों ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खांन का तस्वीरे, पटुका, अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने सभी पत्रकारों को इस सम्मान के लिए साधुवाद दिया है।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत की ई रिक्शा चालकों के साथ बैठक

प्रयागराज ध्परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंर्तगत (02 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक) ई रिक्शा चालकों के साथ यातायात जागरूकता संबधी एक बैठक टैक्सी टैंपो यूनियन उपाध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी के उपस्थिति में की गई ,बैठक में पीटीओ रणवीर सिंह चौहान द्वार चालकों को बताया गया की वो अपना ई रिक्शा निर्धारित लेन में ही चलाएं और शहर के प्रमुख चौराहों से उचित




दूरी पर ही खड़ी करके सवारी को उतारें चढ़ाएं जिससे चौराहे पर जाम की स्थिति न बनने पाए। पीटीओ श्री राम सागर ने बताया की सभी चालक अपने रिक्शा में दाएं तरफ से सवारी को न उतारें बल्कि उस तरफ बंद करा दें।क्योंकि दाएं बाएं दोनो तरफ से उतरते चढ़ते समय दूसरे तरफ से आ रही गाड़ी से हादसे होने की संभावना रहती है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर पवन कुमार पाण्डेय ने बताया की सभी चालक अपने अपने गाड़ी में एच एस आर पी नम्बर प्लेट जरूर लगवाएं, और सड़क पर लेन बनाकर ही चलने की आदत डालें नो पार्किंग में ना खड़ी करें अपने वाहन को फिट रखें ज्यादातर ई रिक्शा में लाइट नही जलती,ब्रेक नही लगता , दाए बाए बिना देखे मोड़ देना,पर गलत लेन में चलाने से सड़क हादसे हो रहें हैं कोई भी चालक अपने नाबालिग बच्चो से वाहन ना चलवाएं अन्यथा चालान कर सीज करने की कार्यवाही की जाएगी,अभी चालक अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवा लें यह सभी सुधार महाकुम्भ 2025 से पहले हो जाएं मेले में आए हुए श्रद्वालुओं से विनम्रता से बात करें। बैठक के अंत में उपाध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी ने परिवहन विभाग को भरोसा दिलाया कि कुम्भ मेला से पहले सभी चालकों में यातायात के नियमों के प्रति पालन करना सुनिश्वित करेंगे। बैठक में यूनियन के सदस्य बब्लू सहित 50 ई रिक्शा चालक सामिल हुए ,साथ ही साथ यातायात टीम से रजित कुमार,सतेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

## पक्की सड़क को तरस रहा है प्राथमिक विद्यालय

### कीचड़ युक्त रास्ते से जाना बच्चों की मजबूरी

बल्दीरायध्सुलतानपुर।(आरएनएस ) सरकार एक तरफ बिजली पानी सड़क आदि से गावों को संतृप्त कर विकास का दावा कर रही है वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती दिखाई दे रही है। मामला ग्राम पंचायत ऐंजर विकास खंड धनपत गंज के प्राथमिक विद्यालय हरिजन नगर टणरसा से जुड़ा हुआ है। यह विद्यालय देहली बाजार हैरिंग्टनगंज संपर्क मार्ग पर लगभग छ सौ मीटर दूर हरिजन बस्ती के बगल में स्थित है। संपर्क मार्ग से विद्यालय तक पहुंचने के लिए एक ही रास्ता है जो बरसात के दिनों में पूर्णतः कीचड़ युक्त हो जाता है। विद्यालय में पढ़ने वाले छोटे–छोटे बच्चे आये दिन चोटिल व दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।इसके बावजूद नौनिहालों की इस समस्या को देखने व सुनने वाला कोई नहीं है। ऐसा भी नहीं है कि इसका मामला जिम्मेदारों क संज्ञान में न हो। टड़रसा निवासी सतीशंकर सिंह लगातार दो साल से उनके द्वारा इस संबंध में सी एम हेल्प लाइन से लेकर संपूर्ण समाधान दिवस तक,खंड विकास अधिकारी से लेकर ग्राम प्रधान तक सात बार शिकायत दर्ज कराई गई परंतु



आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हां कार्रवाई के नाम पर कभी फर्जी रिपोर्ट लगाने का एक लंबा खेल खेला गया,कभी प्रकरण कार्य योजना में शामिल न होने का बहाना दिखाया गया तों कभी अगले वित्तीय वर्ष में समस्या का समाधान करने की बात लिखकर शिकायत निस्तारित कर दी गई। फिलहाल संबंधित विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिए कीचड़ युक्त रास्ता ही विकसित भारत का प्रमाण है।

## राजा परीक्षित को लक्ष्य बना कर कलियुग ने किया प्रवेश–देवेंद्र जी

### श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का तीसरा दिन

सुल्तानपुर(आरएनएस )। जादीपुर पखरौली जनपद सुलतानपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ महोत्सव के तृतीय दिन कथा व्यास ने कलयुग के प्रवेश की कथा मनु और शतरूपा की संतानों की व्याख्या और मृत्यु पर विजय पाने के उपायों का विस्तार से वर्णन किया।

दशरथ गद्दी श्री धाम अयोध्या जी से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथावाचक देवेन्द्र जी महाराज ने कहा कि महाराज परिक्षित अपने राज्य की सीमा में भ्रमण करते हुए प्रजा का सुख दुख देखा। गाय और बैल की कथा के साथ कलियुग के प्रवेश की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कलियुग ने किस प्रकार राजा परीक्षित को अपना लक्ष्य बनाया जिसके कारण श्रमीक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि ने राजा परीक्षित को 7 दिन में मरने का श्राप दे दिया अत्रि, वशिष्ठ, पाराशर, भृगु, परशुराम, विश्वामित्र आदि सभी ऋषियों के बीच में भगवान व्यासनंदन श्री सुखदेव मुनि जी ने आकर राजा परीक्षित को दर्शन दिया। राजा परीक्षित ने श्री सुखदेव मुनि से पूछा क्या मरने वाले की मुक्ति का कोई उपाय है राजा परीक्षित के प्रश्न से गदगद हुए श्री सुखदेव मुनि ने राजा परीक्षित को भगवान की शरणागति और भगवान की कथा श्रवण करने की प्रेरणा दी राजा की प्रार्थना पर मुनि ने कथा श्रवण कराना प्रारंभ कर दिया। कथा व्यास ने विदुर चरित्र एवं मनु शतरूपा की पांच संतानों का वर्णन मनु महाराज की मझली पुत्री देवहूति एवं कर्दम ऋषि की कथा का वर्णन किया। यहाँ भगवान कपिल नारायण द्वारा माता देवहुति को संतों के सत्संग के माध्यम से मन को वश में करने का उपाय बताते हुए संतो के पांच लक्षण का विस्तार से वर्णन किया। कथा मे मुख्य यजमान पूर्व प्रधान विजय त्रिपाठी उमाकांत त्रिपाठी संजू पूर्व कैबिनेट मंत्री जय नारायण तिवारी राहुल त्रिपाठी गंगेश ओझा दीपक बंटू अशोक इनदर तिवारी, आदि उपस्थित रहे।

## मारफीन की तस्करी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सोहावल– अयोध्या।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या द्वारा नशा व नशेड़ियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण एवं प्र0नि0 पंकज कुमार सिंह थाना रौनाही जनपद अयोध्या के कुशल नेतृत्व में नशे के तस्कर के विरुद्ध सफलता प्राप्त हुई है ।सोमवार को पुलिस द्वारा चलाये जा रहे रोकथाम जुर्म जरायम व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति और वाहन के दौरान बुधौलिया जाने वाले मार्ग के पास आरोपी महेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ यातु पुत्र स्व0 महेश प्रताप सिंहउम्र लगभग 30 वर्ष निवासी ग्राम लखौरी थाना रौनाही जनपद अयोध्या अयोध्या के कब्जे से 100 ग्राम अवैध मारफीन बरामद हुआ।

## व्यापार मंडल ने रात्रि 10 बजे से बन्दी में राहत दिए जाने का सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल सुल्तानपुर के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर को संबोधित ज्ञापन अपर पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर अखण्ड प्रताप सिंह को सौंपा। जिला अध्यक्ष मनीष साहू ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से हमने जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों और तीमारदारो को दूध, गर्म पानी और जलपान की समस्या, यात्रियों को असुविधा को देखते हुए रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन को रात्रि 10 बजे की बंदी से छूट देने की मांग रखी गई है। खासकर रेस्टोरेन्ट व्यवसाय और जलपान व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है और इस व्यवसाय में कार्यरत कर्मियों को आर्थिक विपन्नता की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वरिष्ठ जिला महामंत्री नरेंद्र बरनवाल ने पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि चौकसी और तलाशी अभियान से अवांछित तत्वों और अपराधियों में भय व्याप्त हुआ है और शहर का आम नागरिक और व्यापारी समाज सुरक्षित महसूस कर रहा है।

# संपादकीय

## कई बुजुर्ग अपने अपमान के विरुद्ध खघमोश रहते ही हैं–रजनीश कपूर


सभी वरिष्ठ नागरिकों शायद को श्माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007च के कानून की जानकारी रखनी चाहिए ताकि अपने साथ हो रहे दुर्व्यवहार और अपमान के खघ्लिाफ न्याय लेने के लिए कोर्ट भी जा सकते हैं। माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007च के तहत ऐसे तमाम प्रावधान हैं जहां बुजुर्गों की सुरक्षा व देखभाल का खघ्याल रखा गया है।

आधी दुनिया पर विजय पाने वाला सिकंदर–ए–आजम जब अपने देश वापिस लौट रहा था तो उसका स्वास्थ्य इतना बिगड़ा की वह मरणासन्न स्थिति में पहुँच गया। अपनी मृत्यु से पहले सिकंदर ने अपने सेनापतियों और सलाहकारों को बुलाया और कहा की मेरी मृत्यु के पश्चात् मेरी तीन इच्छाएँ पूरी की जाएँ। उन तीन इच्छाओं में से एक इच्छा थी। ष्मेरी अर्थी में मेरे दोनों हाथ बाहर की ओर रखे जाएं दृ इससे लोग समझ सकें की जब मैं दुनिया से गया तो मेरे दोनों हाथ खाली थे। इंसान आता भी खाली हाथ है और जाता भी खाली हाथ है।ष परंतु इस बात को बिना समझे, हम हर पल अधिक से अधिक संपत्ति और धन अर्जित करने की दौड़ में लग जाते हैं। आए दिन हमें यह देखने को मिलता है कि किसी बुजुर्ग को, पैसे और संपत्ति के लालच में उसी की संतान ने घर से बेघर कर दिया। ऐसा अक्सर उन परिस्थितियों में होता है जब बच्चों को सही संस्कार नहीं दिये जाते। ऐसा अक्सर तब भी होता है जब घर के बड़े–बुजुर्ग अपने मोह और स्नेह के चलते, अपने जीते–जी ही अपनी चल–अचल संपत्ति के सभी उत्तराधिकार अपने बच्चों को दे देते हैं। जो संतान संस्कारी होती है वे बिना किसी लोभ या स्वार्थ के, अंतिम समय तक अपने माता–पिता की सेवा करते हैं।परंतु ऐसी भी संतान होतीं हैं जिन्हें जैसे ही इस बात का पता चलता है कि माता–पिता ने उन्हें अपना उत्तराधिकारी बना दिया है, वैसे ही उनका अपने माता–पिता के प्रति व्यवहार बदलने लगता है। परंतु सभी वरिष्ठ नागरिकों शायद इस बात की जानकारी नहीं है कि श्माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007च के तहत वे अपने साथ हो रहे दुर्व्यवहार और अपमान के खघ्लिाफ न्याय लेने के लिए कोर्ट भी जा सकते हैं। माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007, भारत सरकार का एक अधिनियम है जो वरिष्ठ नागरिकों और माता–पिता के भरण–पोषण और देखभाल के लिए कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है। इस अधिनियम के तहत, बच्चों और उत्तराधिकारियों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को भरण–पोषण देना कानूनी दायित्व है। इस अधिनियम के तहत, राज्य सरकारों को हर जिघ्ले में वृद्धाश्रम स्थापित करने के प्रावधान भी हैं।अगर कोई वरिष्ठ नागरिक अपनी आय या संपत्ति से अपना भरण–पोषण करने में असमर्थ है, तो वह अपने बच्चों या रिश्तेदारों से भरण–पोषण के लिए आवेदन कर सकता है। अगर कोई व्यक्ति, किसी वरिष्ठ नागरिक की देखभाल या संरक्षण प्राप्त करने के बाद उसे उपेक्षित किसी जगह छोड़ देता है, तो उसे तीन महीने तक की जेल हो सकती है या पांच हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। अगर किसी वरिष्ठ नागरिक के बच्चे नहीं हैं, तो वह भी मेंटेनेंस के लिए दावा कर सकता है। अगर किसी वरिष्ठ नागरिक की संपत्ति का इस्तेमाल रिश्तेदार कर रहे हैं, तो सम्पत्ति का इस्तेमाल करने वाले या उसके वारिस पर बुजुर्ग की देखभाल के लिए दावा किया जा सकता है। इतना सब कुछ होते हुए भी हमें अक्सर यही सुनने को मिलता है कि बुजुर्गों को उन्हीं के खून द्वारा अपमानित व उपेक्षित किया जाता है। ऐसे में कई बुजुर्ग जिन्हें इस अधिनियम की जानकारी नहीं है वे तो अपने अपमान के विरुद्ध खघमोश रहते ही हैं।

## अहिंसा सबसे महान धर्म, परंतु वह सत्य में ही प्रतिष्ठित है

श्रीकृष्ण ने दुष्टता करने वाले मनुष्य की दुष्टता को कुचल देने का उपदेश देता हुए कहा है– विनाशाय च दुष्टकृताम्। अर्थात– दुष्टता करने वाले मनुष्य की दुष्टता को कुचल दो। ऐसा करके ही अहिंसा का पालन व सत्य की रक्षा अनेक अवसरों पर होती है। इसलिए मनुष्यों को अहिंसा का प्रयोग करते हुए विवेक से कार्य लेना चाहिए। एक सीमा तक ही लोगों का बुरा व्यवहार सहन करना चाहिए और उसके नहीं सुधरने पर उसका समुचित निराकरण यथायोग्य व उससे भी कठोर व्यवहार करके करना चाहिए।भारतीय परंपरा में अहिंसा और सत्य भाषण समस्त प्राणियों के लिए अत्यंत हितकर माने गए हैं। अहिंसा सबसे महान धर्म है, परंतु वह सत्य में ही प्रतिष्ठित है। सत्य के ही आधार पर श्रेष्ठ पुरुष के सभी कार्य आरंभ होते हैं। महाभारत, वनपर्व में कहा गया है अर्थात– अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है और सत्य पर ही टिका होता है। सत्य में निष्ठा रखते हुए सारे काम संपन्न होते हैं।वेद सत्य ज्ञान की पुस्तक है। वेद का अर्थ ही ज्ञान होता है। सत्य का अर्थ सत्तावान होता है। जिस पदार्थ की सत्ता है, उसके गुण, कर्म व स्वभाव अवश्य होते हैं, उनका यथार्थ अथवा ठीक –ठीक ज्ञान सत्य कहलाता है। ईश्वर की सत्ता है तथा जीवात्मा और प्रकृति की भी सत्ता है। इसलिए यह तीनों पदार्थ सत्य कहे व माने जाते हैं। इसी तरह ईश्वर, जीवात्मा और प्रकृति के गुण, कर्म व स्वभाव का यथार्थ ज्ञान सत्य कहा जाता है। ईश्वर का प्रथम प्रमुख नाम ही सच्चिदानन्दस्वरूप है। सच्चिदानन्द तीन शब्दों का समुदाय है, जिसमें सत्य, चित्त और आनन्द इन तीन गुणों का समावेश है। सत्य किसी पदार्थ की सत्ता को कहते हैं। ईश्वर है और उसकी सत्ता भी है, यह यथार्थ है। इसलिए ईश्वर को सत्य कहा गया है।वैदिक मत के अनुसार सत्य पर ही अहिंसा प्रतिष्ठित होता है। अहिंसा परम धर्म, परम तप और परम सत्य है, क्योंकि उसी से धर्म की प्रवृति होती है। महाभारत आदि पर्व, पौलोम पर्व 11ध12, 11ध13, अनुशासन पर्व, दानधर्म पर्व 116ध28, 245ध4 आदि श्लोकों में अहिंसा परमो धमरू कहा गया है। महाभारत अनुशासनपर्व, दानधर्म पर्व 116ध28 के अनुसार अहिंसा परम धर्म, परम संयम, परम दान, परम तपस्या है। महाभारत अनुशासन पर्व दानधर्म पर्व 245ध4 के अनुसार अहिंसा परम धर्म, परम सुख है। वैदिक ग्रंथों में में अहिंसा को परमपद बताया गया है। महाभारत अनुगीतापर्व आश्व मेधिकपर्व 43ध20 व 43ध21 के अनुसार अहिंसा सबसे श्रेष्ठ धर्म है और हिंसा अधर्म का लक्षण (स्वरूप) है। अहिंसा का अर्थ होता है अ–हिंसा अर्थात हिंसा न करना। दूसरों के प्रति वैर भावना का त्याग करना। किसी भी प्राणी को तन, मन, कर्म, वचन और वाणी से कोई नुकसान नहीं पहुंचाना। मन में किसी का अहित न सोचना, किसी को कटुवाणी आदि के द्वार भी नुकसान न देना तथा कर्म से भी किसी भी अवस्था में किसी भी प्राणी कि हिंसा न करना, यह अहिंसा है। दूसरों के प्रति वैर भाव अथवा कोई निजी स्वार्थ होने पर ही हम दूसरों के प्रति हिंसा करते हैं, जबकि कोई यह नहीं चाहता कि दूसरे लोग व प्राणी उनके प्रति हिंसा करें। हिंसा जिसके प्रति की जाती है, उसको हिंसा से दुरूख व पीड़ा होती है।इसीलिए यदि हम चाहते हैं कि कोई हमारे प्रति हिंसा का व्यवहार न करे तो हमें भी दूसरों के प्रति हिंसा का त्याग करना होगा। दूसरों के प्रति अपने मन व हृदय में प्रेम व स्नेह का भाव उत्पन्न करने पर ही हिंसा दूर हो सकती है। इससे मन व हृदय में शांति उत्पन्न होगी, जिससे हमारा मन व मस्तिष्क ही नहीं अपितु शरीर भी स्वस्थ एवं दीर्घायु को प्राप्त होगा।

# इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू को भारत की शरण में क्यों आना पड़ा?



हम आपको यह भी याद दिला दें कि इस साल जनवरी में दोनों देशों के संबंधों में आये तनाव के मद्देनजर भारतीयों ने मालदीव में पर्यटन का बहिष्कार कर दिया था जिससे वहां की अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुँचा है। भारत के साथ संबंधों के प्रति मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का बदला हुआ दृष्टिकोण कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि मालदीव की राजनीति में अक्सर देखने को मिलता है कि चुनाव अभियानों के दौरान राजनेता जो बयानबाजी करते हैं, वह आधिकारिक नीतिगत निर्णयों में तब्दील नहीं होती। मुइज्जू को राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद भारत की अहमियत समझ आ चुकी है। कर्ज में डूबे अपने देश को उबारने के लिए मुइज्जू को भारत की मदद की सख्त जरूरत है इसलिए चुनावों में इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू भारत की शरण में आये हैं। चीन की यात्रा के दौरान ढेरों आश्वासन मिलने के बावजूद मुइज्जू अपने देश के लिए कुछ ठोस हासिल नहीं कर पाये इसलिए भारत से मदद मांगने आये हैं।हम आपको बता दें कि मालदीव पर बड़ा आर्थिक संकट मंडरा रहा है इसलिए वह चाहता है कि भारत ऋण भुगतान को थोड़ा आसान बना दे। अपनी भारत यात्रा से ठीक पहले मुइज्जू ने अपने देश को वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा था कि दिल्ली द्वीप राष्ट्र की वित्तीय स्थिति से ष्पूरी तरह परिचितष है और माले के सबसे बड़े विकास भागीदारों में से एक के रूप में ष्बोझ को कम करनेष के लिए हमेशा तैयार रहेगी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भारत और मालदीव ने 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला–बदली को लेकर जो समझौता किया है उससे मालदीव को विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़े मुद्दों से निपटने में मदद मिलेगी। हम आपको यह भी बता दें कि अभी पिछले महीने ही वैश्विक एजेंसी मूडीज ने मालदीव की क्रेडिट रेटिंग यह कहते हुए घटा दी थी कि षडिफॉल्ट जोखिम बढ़ गए हैंष। दरअसल मालदीव को ऋण भुगतान में चूक का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उसका विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 440 मिलियन डॉलर हो गया है, जिससे कि सिर्फ डेढ़ महीने तक ही वस्तुओं का आयात किया जा सकता है। गौरतलब है कि यह द्विपीय राष्ट्र खाने पीने से लेकर अपनी तमाम जरूरतों के लिए विदेशों से सामान आयात करता है। विदेशों से सामान आयात करने के लिए उसे डॉलर की जरूरत है। विदेशी कर्ज चुकाने के लिए भी उसे डॉलर की जरूरत है। इसलिए मालदीव के सामने मुश्किल यह है कि वह अपने विदेशी मुद्रा भंडार में पड़े डॉलरों से कर्ज चुकाये या अपनी जनता के लिए जरूरत का सामान मंगवाये। इसके अलावा मालदीव को अपने यहां बुनियादी ढांचे में निवेश की भी जरूरत है ताकि जनता के जीवन स्तर को बढ़ाया जा सके। इसके लिए भी भारत पहले ही मालदीव को विभिन्न बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के लिए 1.4 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता की पेशकश कर चुका है।हम आपको यह भी याद दिला दें कि इस साल जनवरी में दोनों देशों के संबंधों में आये तनाव के मद्देनजर भारतीयों ने मालदीव में पर्यटन का बहिष्कार कर दिया था जिससे वहां की अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुँचा है। मुइज्जू को अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से आश्वासन मिला था कि वह बड़ी संख्या में चीनियों को मालदीव में पर्यटन के लिए भेजेंगे लेकिन चीन से कोई नहीं आया। बताया जाता है कि मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में 50,000 की गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप देश को लगभग 150 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। इसलिए मालदीव के राष्ट्रपति ने अपने भारत दौरे के दौरान कहा है कि वह मालदीव में बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।हम आपको यह भी याद दिला दें कि मुइज्जू ने परोक्ष रूप से भारत पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि इस छोटे से देश को ष्धमकाने का लाइसेंसष किसी के पास नहीं है। उन्होंने भारत के लिए अपने सैन्य कर्मियों को देश से वापस बुलाने के लिए 15 मार्च की समय सीमा भी तय की थी। मगर अब मुइज्जू भारत को साथ लेकर चलना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने कहा है कि मालदीव कभी भी ऐसा कुछ नहीं करेगा जिससे भारत की सुरक्षा कमजोर हो। उन्होंने कहा है कि भारत मालदीव का एक मूल्यवान भागीदार और मित्र है और हमारा संबंधा आपसी सम्मान और साझा हितों पर बना है। उन्होंने कहा है कि हम विभिन्न क्षेत्रों में अन्य देशों के साथ अपना सहयोग बढ़ाते हैं, लेकिन हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे कार्यों से हमारे क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता से समझौता नहीं हो।जहां तक मुइज्जू की भारत यात्रा के दौरान मालदीव को हुए लाभ की बात है तो आपको बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मिलकर अपने देश में रूपे कार्ड को डिजिटल रूप से जारी किया। इसके अलावा दोनों नेताओं ने हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नये रनवे का उद्घाटन किया और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जतायी। चार दिवसीय राजकीय दौरे पर आए मुइज्जू ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान भारत ने मालदीव को 700 से अधिक सामाजिक आवास भी सौंपे। इसका निर्माण एक्जिम बैंक (भारतीय निर्यात–आयात बैंक) की खरीदार कर्ज सुविधा के तहत किया गया है। मोदी ने मुइज्जू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी ऐलान किया कि अब ग्रेटर माले संपर्क परियोजना में भी तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हम थिलाफुशी में एक नये वाणिज्यिक बंदरगाह के विकास में सहायता करेंगे। प्रधानमंत्री ने साथ ही कहा कि भारत और मालदीव ने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने का फैसला किया है। उन्होंने मालदीव को एक 'घनिष्ठ मित्र' बताया जिसका भारत की पड़ोस नीति और सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और वृद्धि) दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण स्थान है।मोदी ने कहा, ''भारत ने हमेशा एक पड़ोसी देश की जिम्मेदारियों को निभाया है। आज, हमने अपने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी का दृष्टिकोण अपनाया है।'' उन्होंने कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। और भारत, मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। उन्होंने कहा कि हमारी ष्छमपहीइवनतीववक थ्पतेज" चवसपबल और ष्सागर" टप.`पवद में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। बाइट।वहीं मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू के बयान की बात करें तो उन्होंने कहा है कि सरकारी बॉण्ड को आगे बढ़ाने तथा मुद्रा की अदला–बदली के समझौते पर हस्ताक्षर समेत उदारतापूर्वक की गयी सहायता के लिए मैं भारत का आभार जताता हूं। उन्होंने कहा कि मालदीव में भारतीय निवेश बढ़ाने के लिए भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने के लिए मैं उत्साहित हूं। राष्ट्रपति मुइज्जू ने साथ ही कहा कि मालदीव के लिए भारत सबसे बड़ा पर्यटन का स्रोत है, और हमें अधिक भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने की उम्मीद है। हरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत और मालदीव के बीच पारंपरिक रूप से मजबूत द्विपक्षीय संबंध रहे हैं और भारत इस द्वीप राष्ट्र का एक प्रमुख सहायता प्रदाता है। मुइज्जू ने अपने पूर्ववर्तियों की तरह राष्ट्रपति पद संभालने के तुरंत बाद भारत की जगह चीन की यात्रा कर दिल्ली को चिढ़ाने का जो प्रयास किया था उसका हश्र वह भुगत चुके हैं। मुइज्जू की गलतियों का प्रतिफल मालदीव की आम जनता नहीं भुगते इसका प्रयास भारत ने शुरू से किया और संयम बनाये रखा। आखिरकार अब जब मुइज्जू ने अपनी भूल सुधार ली है तो वही कहावत याद आती है कि सुबह का भूला यदि शाम को घर लौट आये तो उसे भूला नहीं कहते।

# उत्तर प्रदेश की मजबूत कानून व्यवस्था और जातिवाद की जहरीली होती राजनीति



योगीराज में प्रदेश की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने लिए साढ़े सात वर्षो में 49 कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त 872 नशा व हथियार तस्करी अपराधी और 379 साइबर अपराधियां को गिरफ्तार किया है। लोकसभा चुनावों में पार्टी के सांसदों की संख्या बढ़कर 37 हो जाने से समाजवादी पार्टी विशेष उत्साह में है और जहाँ जहाँ भी उसके सांसद जीते हैं वहाँ वहाँ पार्टी के कार्यकर्ता न केवल अराजकता का वातावरण बनाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं वरन जातिवादी जहर घोलने का प्रयास भी कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रदेश की योगी सरकार लगातार अपराध और अपराध जगत पर जीरो टालरेंस की नीति पर चल रही है जिसमें कुख्यात माफियाओं व अपराधियो के एनकाउंटर हो रहे हैं तथा बुलडोजर भी चलाये जा रहे हैं, कई जगह अपराधी स्वयं ही आत्समर्पण भी कर रहे हैं या फिर अपना काम धंधा बदल रहे हैं। प्रदेश का जन सामान्य योगी सरकार की बुलडोजर नीति से प्रसन्न है जबकि विपक्ष लगातार यही आरोप लगा रहा था कि बुलडोजर से लोगों को डराया जा रहा है या अल्पसंख्यको को सताया जा रहा है आदि–आदि। जब सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर पर अंतरिम रोक लगाई तो पूरा विपक्ष खुशियाँ मनाने लगा जबकि सुप्रीम कोर्ट ने अवैध निर्माण को अपने आदेश से अलग रखा था। योगी राज्य में बुलडोजर केवल अतिक्रमण पर ही चलता है अतः प्रशासन को अपना काम करने में कोई समस्या नहीं आई। आश्चर्यजनक रूप से समाजवादी नेता अपनी जातिवाद की राजनीति को और पैना करने के लिए अपराधियों के पक्ष में खड़े हो रहे हैं। वहीं विगत दिनों हुई कुछ आपराधिक घटनाओं में शामिल लोग समाजवादी पार्टी से सम्बंधित रहे हैं संभवतः यही कारण है कि समाजवादी नेता अखिलेश यादव सहित अन्य सभी जातिवादी नेता जातिवाद के जहर को और तीखा कर रहे हैं। अयोध्या से लेकर कनौज तक दुष्कर्म की जितनी भी घटनाएं सामने आई हैं उसमें सपा कनेक्शन मिला, प्रयागराज में अवैध मदरसे में चल रहा जाली नोट का व्यापार व फिर कौशाम्बी में जाली नोट खपाने वाले सपा के दो नेता अपने दस सहयोगियों के साथ पकड़े गए स्वाभाविक रूप से आपराधिक घटनाओं में लिप्त पार्टी को बैकफुट पर जाने से बचाने के लिए ही अपराध की वीभत्सता तथा गम्बिरता की जगह अपराधी की जाति बीच में लाई जा रही है। अगस्त माह के अंत में सुल्तानपुर में डकैती डालने आये गिरोह के सदस्यों का एनकाउंटर हुआ जिसमें से एक मंगेश यादव के नाम पर समाजवादी नेता यादव समाज की सहानुभूति बटोरने के लिए उसके घर पहुंच गये और उसका महिमा मंडन करते हुए कहा कि यह एनकाउंटर नहीं एक हत्या है और अब सपा इस मामले को आगामी विधानसभा सत्र में भी जोर शोर से उठाने जा रही है। समाजवादी नेता आजकल जातिगत आधार पर ही अपराध और अपराधियों का संरक्षण व महिमामंडन कर रहे हैं। प्रदेश की राजनीति में आज सभी दल अपराधी की जाति देखकर उस पर होने वाली कार्यवाही का तीखा विरोध कर रहे हैं जबकि प्रदेश में 2012 से 2017 तक सपा सरकार के शासन काल में पुलिस मुठभेड़ में 34 अपराधी मारे गये थे तथापि उनके शासनकाल में अपराध और अपराधियों का जोरदार बोलबाला था। एक समय था कि कोई सपने में भी नहीं सोच पाता था कि प्रदेश को कभी अतीक जैसे माफियाओं से मुक्ति मिलेगी या फिर बड़े सफेदपोश लोग जेल जाएंगे। पिछली सरकारों के कई एनकाउंटर में तो मजिस्ट्रेट जांच तक नहीं ती थी। जबकि योगी सरकार में सभी एनकाउंटर की मजिस्ट्रेट जांच हो रही है यहां तक कि कुख्यात माफिया मुख्तार अंसारी की जेल में हुई स्वाभाविक मौत की भी जांच हुई। योगीराज में प्रदेश की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने लिए साढ़े सात वर्षो में 49 कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त 872 नशा व हथियार तस्करी अपराधी और 379 साइबर अपराधियां को गिरफ्तार किया है। साथ ही 3,970 संगठित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। प्रदेश सरकार अवैध नशे के खिलाफ भी व्यापक अभियान चला रही हे जिसमें अभियुक्तों से सर्वाधिक गांजा बरामद हुआ है व अन्य नशीले पदार्थ भी बरामद हो रहे हैं। समाजवादी नेता अखिलेश यादव ने एसटीएफ को भी नहीं छोड़ा ओर उसमें शामिल अधिकारियों की जाति को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उकेर दिया ओर बताया कि कौन सा अधिकारी किस जाति का है। जब जातिवाद की राजनीति बहुत उग्र होने लग गई तब आंकड़ों को देखने से स्पष्ट हुआ कि विगत 7 साल में 207अपराधी एनकाउटर में मारे गये जिसमें– 67 मुसिलम, 20 ब्राहमण, 18 ठाकुर, 17 जाट और गुर्जर 16 यादव, 14 दलित, तीन ट्राइबल, दो सिक्ख, 8 ओबीसी और 42 दूसरी जातियों के थे। जिस प्रकार से अपराधियों के पक्ष में जाति की राजनीति हो रही है वह सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है। यह कहना पूरी तरह से गलत है कि यूपी की पुलिस जाति देखकर एनकाउंटर कर रही हैं या फिर अपराधियों को पकड़ रही है। प्रदेश सरकार अपराधियों का जाति और मजहब नहीं देखती। आज प्रदेश की कानून व्यवस्था की प्रशंसा हर कोई कर रहा है बड़े बड़े उद्योगपति व निवेशक प्रदेश आ रहे हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि–

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच–समझकर ही लेने चाहिए। आज घरवालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिए अच्छा रहेगा।

वृष राशि–

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटिड शुभ समाचार मिलेगा।

मिथुन राशि–

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े–बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढिया है।

कर्क राशि–

आज आपका दिन ठीक–ठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको थोड़ी उलझन होगी।

शुभ अंक–

सिंह राशि–आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। माता–पिता आपको कोई बड़ा गिफ्ट देंगे इससे आप बड़े ही खुश नजर आएंगे।

कन्या राशि–

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने–फिरने में अधिक बीत सकता है। परिवार वालों के साथ समय बितायेंगें। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक कोई बड़ा धन लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत होगा। पैसों की स्थिति में बड़े बदलाव होने की संभावना है।

तुला राशि–

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करनेका मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशि–

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे।

धनु राशि–

आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्वकांक्षाएं बढ़ भी सकती हैं। हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा।

मकर राशि–

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए कोई फैसला करना कठिन होगा।

कुंभ राशि–

आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आएंगे। आपको किसी भी वाद–विवाद से बचने की जरुरत है।

मीन राशि–

आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी।

# 365 दिन की जंग के बाद भी नहीं टूटी हमास की डिफेंस लाइन, 101 बंधकों को छुड़ाने में भी नाकाम



पिछले एक साल में इजरायल ने अपने दुश्मनों पर नकेल कसने में कुछ हद तक सफलता हासिल की है, लेकिन अपने युद्धों को निर्णायक अंत तक पहुंचाने में असफल रहा है। हमास इजरायल के जंग को एक साल पूरे हो गए हैं लेकिन आईडीएफ का ऑपरेशन अभी भी जारी है। सात अक्टूबर के दिन ही पिछले साल हमास ने इजरायल पर हमला किया था और उसके बाद इस्राइल ने हमास पर अटैक शुरू किया जो अब इस्राइल के लिए छह फ्रंट वॉर में तब्दील हो गया है। एक साल बाद हम पाते हैं कि इजरायल जिन घोषित लक्ष्यों के साथ युद्ध में गया था उनमें से एक भी हासिल नहीं कर पाया है। पिछले एक साल में इजरायल ने अपने दुश्मनों पर नकेल कसने में कुछ हद तक सफलता हासिल की है, लेकिन अपने युद्धों को निर्णायक अंत तक पहुंचाने में असफल रहा है। इजरायल सभी बंधकों को हमास के चंगुल से छुड़ाने में कामयाब नहीं रहा। इसका सबसे बड़ा कारण है कि इजरायल किसी भी समझौते पर तैयार नहीं हुआ। साथ ही हमास पर ऐसा सैन्य दबाव भी नहीं बनाया जा सका जिससे वह सरेंडर को मजबूर हो जाए। हमास पूरे गाजा के खंडहर बनने के बाद भी अभी एक गुरिल्ला संगठन की तरह काम कर रहा है। आम तौर पर अगर आतंकियों को सेना से नुकसान होता है तो वे आगे नहीं बढ़ते। बल्कि वह खुद को बचाने की कोशिश करते हैं। इस हिसाब से हमास का गाजा में खुद को बचाए रहना ही एक जीत है। यही कारण है कि याह्या सिनवार किसी भी सौदे पर तैयार नहीं होता। 400 लोगों को गोली मार दी गयी थी एक साल पहले आज ही के दिन सुबह ठीक साढ़े छह बजे जब हमास ने हमला शुरू किया था तो नोवा संगीत महोत्सव में मारे गए लोगों के परिवारजन उस स्थल पर एकत्रित हुए जहां करीब 400 लोगों को गोली मार दी गयी थी और कई अन्य लोगों को बंधक बना लिया गया था। उसी वक्त गाजा में अब भी आतंकवादियों के चंगुल में फंसे लोगों के परिवार के सदस्य प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के यरुशलम आवास के बाहर एकत्रित हुए और दो मिनट के सायरन के दौरान खड़े रहे जो नरसंहार की स्मृति दिवस पर निभायी जाने वाली परंपरा को दर्शाता है। इस हमले को रोकने में सरकार की नाकामी और बंधकों की वापसी न होने से गुस्साए लोग तेल अवीव में एक अलग कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इस हमले के बाद गाजा में शुरू हुए युद्ध में 41,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, क्षेत्र की 23 लाख की आबादी में से ज्यादातर लोग विस्थापित हो गए हैं और एक मानवीय संकट पैदा हो गया है। इस युद्ध ने गाजा में जगह–जगह तबाही के निशान छोड़े हैं।

# बहुत से लोगों की गई जान, हमास के अटैक के 1 साल पूरे होने पर बाइडेन–हैरिस ने इजरायल के समर्थन को दोहराया



राष्ट्रपति जो बिडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने संघर्ष विराम समझौते की आवश्यकता पर बल देते हुए इजराइल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि करके हमास के 7 अक्टूबर के हमलों की पहली वर्षगांठ मनाई। इजराइल ने 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा सैकड़ों लोगों की हत्या और अपहरण के एक साल पूरे होने पर गाजा में उस दिन शुरू हुए युद्ध को समाप्त नहीं किया है। इसके बजाय, लड़ाई लेबनान तक फैल गई है, जिससे इस क्षेत्र के खूनी संघर्ष में फंसने का खतरा पैदा हो गया है। इजरायली सेना ने उन दोनों मोर्चों पर रात भर लड़ाई जारी रखी, इजरायली रक्षा बलों ने घोषणा की कि उसने बेरूत में हिजबुल्लाह से जुड़े लक्ष्यों को निशाना बनाया और कहा कि उसने गाजा में हमास के तत्काल खतरे को विफल कर दिया। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा में 41,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के अनुसार, लेबनान में सैकड़ों लोग मारे गए हैं और 12 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। राष्ट्रपति जो बिडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने संघर्ष विराम समझौते की आवश्यकता पर बल देते हुए इजराइल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि करके हमास के 7 अक्टूबर के हमलों की पहली वर्षगांठ मनाई। बाइडेन ने कहा कि वह और हैरिस यहूदी लोगों की सुरक्षा, इजराइल की सुरक्षा और उसके अस्तित्व के अधिकार के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। एक अलग बयान में हैरिस ने कहा कि इजरायल की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अटल है और वह हमेशा यह सुनिश्चित करेंगी कि इजरायल के पास ईरान और हमास के खिलाफ अपनी रक्षा के लिए आवश्यक चीजें हों। इस्लामाबाद? हैरिस ने कहा कि उस दिन हमास ने जो किया वह पूरी तरह से दुष्ट था। बाइडेन ने कहा कि यह क्रूर और घृणित था। हैरिस ने कहा कि इजराइल पर हमलों ने न केवल इजराइल में, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका और दुनिया भर में यहूदी लोगों के बीच एक गहरा डर पैदा कर दिया।


# जूझते मालदीव के लिए इंडिया ने फिर बढ़ाया हाथ, कई अहम समझौतों से भर दी झोली




मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू कल से शुरू हुई 5 दिवसीय राजकीय यात्रा पर यहां आए हैं। उनके साथ प्रथम महिला, बहुत बड़ी संख्या में कैबिनेट मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि आज की चर्चा मुख्य रूप से द्विपक्षीय संबंधों और हमारे द्विपक्षीय संबंधों में मौजूद विस्तार, विकास साझेदारी, लोगों के बीच संबंधों, आर्थिक और व्यापार संबंधों पर केंद्रित थी... मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा शुरू करने का निर्णय लिया गया है अधिकांश चर्चाएं द्विपक्षीय संबंधों पर केंद्रित थीं। कुछ क्षेत्रीय मुद्दे भी थे जिन पर भी चर्चा हुई, लेकिन आज वास्तव में ध्यान द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा पर था। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू कल से शुरू हुई 5 दिवसीय राजकीय यात्रा पर यहां आए हैं। उनके साथ प्रथम महिला, बहुत बड़ी संख्या में कैबिनेट मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी है। दिल्ली में राष्ट्रपति की आधिकारिक व्यस्तताओं के अलावा, प्रतिनिधिमंडल कल मुंबई का भी दौरा करेगा और उससे पहले वे आगरा भी जाएंगे। यह यात्रा परसों बेंगलुरु में समाप्त होगी। कल विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की। आज सुबह राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में राष्ट्रपति का औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद राष्ट्रपति महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट गए। इससे पहले आज, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल स्तर पर व्यापक चर्चा की है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि भारत मालदीव के सामाजिक–आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास में एक प्रमुख भागीदार है और हमारी जरूरत के समय मालदीव के साथ खड़ा रहा है। मैं मालदीव को दी गई उदार सहायता और सहयोग के लिए पीएम मोदी, सरकार और भारत के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए एक दृष्टिकोण जिसमें विकास सहयोग, व्यापार और आर्थिक साझेदारी, डिजिटल और वित्तीय पहल, ऊर्जा परियोजनाएं, स्वास्थ्य सहयोग के साथ–साथ समुद्री और सुरक्षा सहयोग शामिल है।


# निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा ने अब क्या नया कह दिया ? भारत की क्षेत्रीय अखंडता का...





विदेशी हस्तक्षेप आयोग के सामने पेश होते हुए ग्लोबल अफेयर्स कनाडा (जीएसी) में इंडो–पैसिफिक के सहायक उप मंत्री वेल्डन ईप ने कहा कि कूटनीति के तहत रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) द्वारा जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, हमारे पास खुफिया जानकारी पर आधारित आरोप हैं। कनाडाई सरकार ने कहा है कि वो अभी भी खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की जा रही जांच के नतीजों का इंतजार कर रही है। कनाडा की तरफ से यह स्पष्टीकरण पिछले साल 18 सितंबर को हाउस ऑफ कॉमन्स में कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो के भारतीय एजेंटों और निज्जर की हत्या के बीच संभावित संबंध के विश्वसनीय आरोप वाले बयान के एक साल बाद कनाडा की तरफ से ये स्टैंड देखने को मिा है। उस बयान के कारण द्विपक्षीय संबंधों में खटास आ गई। भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक, हरदीप सिंह निज्जर भी एक कनाडाई नागरिक था। विदेशी हस्तक्षेप आयोग के सामने पेश होते हुए ग्लोबल अफेयर्स कनाडा (जीएसी) में इंडो–पैसिफिक के सहायक उप मंत्री वेल्डन ईप ने कहा कि कूटनीति के तहत रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) द्वारा जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, हमारे पास खुफिया जानकारी पर आधारित आरोप हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की संलिप्तता पर कोई फैसला नहीं आया है, इसलिए हम आरसीएमपी द्वारा अपना काम पूरा करने का इंतजार कर रहे हैं।कनाडा की नीति बहुत स्पष्ट है कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। हत्या की जांच कर रही इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (ष्प्ज्) ने चार भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी की घोषणा की। उन पर प्रथम श्रेणी हत्या और हत्या की साजिश से संबंधित आरोप हैं और उनका मुकदमा नवंबर के मध्य में फिर से शुरू होने की उम्मीद है। राष्ट्रपति ट्रूडो ने कहा था कि भारत के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा और कनाडाई लोगों की सुरक्षा और कानून के शासन से जुड़े कुछ बहुत गंभीर मुद्दों पर बातचीत फिर से शुरू हो सकती है। पिछले साल, भारत ने जस्टिन ट्रूडो के आरोपों को बेतुका बताते हुए खारिज कर दिया था और कनाडा को खालिस्तान समर्थक सिखों का केंद्र बनने पर चिंता भी जताई थी। हालांकि कनाडा ने इसे स्वीकार नहीं किया था।

# इजराइल के हमलों में 10 दमकल कर्मी मारे गए– लेबनान



स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अग्निशमन कर्मी बाराचित कस्बे में एक नगरपालिका भवन में थे, जहां उस समय हमला हुआ, जब वे बचाव अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहे थे। लेबनान के दक्षिणी हिस्से में सोमवार को इजराइल के हमलों में कम से कम 10 दमकल कर्मी मारे गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि कई लोग मलबे में दबे हुए हैं और मृतक संख्या बढ़ सकती है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अग्निशमन कर्मी बाराचित कस्बे में एक नगरपालिका भवन में थे, जहां उस समय हमला हुआ, जब वे बचाव अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहे थे।

# फिर से पधारो म्हारे देश...भारतीय पर्यटकों से मुइज्जू ने की खास अपील



मुइज्जू ने कहा कि भारत हमारे सबसे बड़े पर्यटन स्रोत बाजारों में से एक है और हम मालदीव में अधिक भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने की उम्मीद करते हैं। पर्यटन के अलावा, मालदीव के राष्ट्रपति वर्तमान में भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं, ने मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की भी उम्मीद जताई।मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारतीय पर्यटकों से माले की यात्रा करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के बाद उनके दो मंत्रियों द्वारा विवाद पैदा करने के बाद उनका पहला ऐसा बयान सामने आया है। प्रमुख भू–राजनीतिक बदलाव ऐसे समय में आया जब द्वीपसमूह राष्ट्र बड़े पैमाने पर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। राष्ट्रपति मुइजू ने नई दिल्ली में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मालदीव के कई लोग पर्यटन, चिकित्सा उद्देश्यों, शिक्षा और कई अन्य जरूरतों के लिए भारत की यात्रा करते हैं। साथ ही, मालदीव की सेना में बड़ी संख्या में भारतीय हैं जो मालदीव के विकास में योगदान देते हैं। मुइज्जू ने कहा कि भारत हमारे सबसे बड़े पर्यटन स्रोत बाजारों में से एक है और हम मालदीव में अधिक भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने की उम्मीद करते हैं। पर्यटन के अलावा, मालदीव के राष्ट्रपति वर्तमान में भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं, ने मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की भी उम्मीद जताई। हम भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते के समापन की आशा करते हैं जो हमें अपनी पूर्ण आर्थिक क्षमता का दोहन करने में सक्षम बनाएगा। हमारे पर्यटन और विकास के विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय निवेश बढ़ाने के लिए। हमारा लोगों से लोगों का संपर्क लंबे समय से भारत और मालदीव के बीच संबंधों की नींव रहा है।मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि भारत मालदीव के सामाजिक–आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास में एक प्रमुख भागीदार है और हमारी जरूरत के समय में मालदीव के साथ खड़ा रहा है। मैं इस उदारता के लिए पीएम मोदी, सरकार और भारत के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

# समर्थन में सड़कों पर उतरे लाखों मुसलमान, बुरा फंस गया पाकिस्तान, इजरायल का अगला टारगेट क्या इस्लामाबाद ?

ठीक एक साल पहले यानी 7 अक्टूबर के ही दिन इजरायली नागरिकों को बंधक बना लिया था। इजरायल लगातार कह रहा है कि हम युद्ध नहीं चाहते हैं। लेकिन हमारे नागरिकों को बंधक बनाया हुआ है उसे वापस किया जाए। हालांकि इजरायली हमले में फिलिस्तीन के भी मासूम लोगों की जान जा रही है। फिलिस्तीन और आतंकी संगठन हमास और हिजबुल्लाह के समर्थन में कराची में रैली निकाली गई। जिसे गाजा मिलियन मार्च का नाम दिया गया। हमास के सपोर्ट में सड़कों पर लोगों ने उतरकर इजरायल के खिलाफ अपना विरोध जताया। पाकिस्तान के साथ ही फिलिस्तीन के भी झंडे इस मार्च में लहराए गए। पाकिस्तान आतंक का हमदर्द बनता हुआ दिखाई दे रहा है। हमास के समर्थन में पाकिस्तान के मुसलमान नजर आ रहे हैं। वो हमास जिसने आज से ठीक एक साल पहले यानी 7 अक्टूबर के ही दिन इजरायली नागरिकों को बंधक बना लिया था। इजरायल लगातार कह रहा है कि हम युद्ध नहीं चाहते हैं। लेकिन हमारे नागरिकों को बंधक बनाया हुआ है उसे वापस किया जाए। हालांकि इजरायली हमले में फिलिस्तीन के भी मासूम लोगों की जान जा रही है। इजरायल के इतिहास में सबसे घातक, हमास के सात अक्टूबर को किए हमले के एक साल पूरे होने पर सोमवार को देशवासी रैली निकाल रहे हैं और शोक समारोह आयोजित कर रहे हैं। इस हमले ने गाजा में युद्ध को जन्म दिया और इजराइलियों को कभी न भूलने वाला घाव दे दिया। एक प्रमुख यहूदी अवकाश वाले दिन सीमा पार से किए गए इस हमले ने इजराइलियों के सुरक्षित होने के भरम को तोड़ दिया और नेताओं तथा सेना में उनके विश्वास को हिला कर रख दिया। इस हमले की गूंज एक साल बाद भी सुनायी दे रही है। गाजा में युद्ध आक्रामक हो गया है, इजरायल हिजबुल्ला के खिलाफ एक नया युद्ध लड़ रहा है और ईरान के साथ संघर्ष गहरा रहा है जिससे इस क्षेत्र के और खतरनाक संघर्ष की ओर बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। युद्ध की तबाही झेल रहे गाजा में कोई औपचारिक स्मारक कार्यक्रम की योजना नहीं है। इजराइलियों के सैकड़ों मृतकों, आतंकवादियों के कब्जे में कई बंधकों और उन्हें बचाने के लिए मारे गए या घायल हुए सैनिकों की याद में देशभर में समारोहों, कब्रिस्तानों और स्मारक स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

# पश्तून लड़की ने पीडोफिलिया पर पूछ लिया सवाल, भड़क कर बोला– इस्लाम पर इल्जाम लगा रही हो, माफी मांगो

पाकिस्तान यात्रा के दौरान कराची में उनके लिए आयोजित एक सार्वजनिक सभा के दौरान हुई, जहां लड़की ने खुद को पश्तून बताते हुए उपदेशक से पूछा कि उसके क्षेत्र में पीडोफिलिया, व्यभिचार और नशीली दवाओं की लत जैसी समस्याएं क्यों बनी हुई हैं। बावजूद इसके कि यह पूरी तरह से धार्मिक प्रकृति का है। उन्होंने यह भी पूछा कि मुस्लिम विद्वान (उलेमा) इन समस्याओं का समाधान क्यों नहीं करते। भगोड़े इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमें उसे एक लड़की के साथ तीखी नोकझोंक करते हुए दिखाया गया है। लड़की ने इस्लामिक समुदायों में पीडोफिलिया जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रसार पर सवाल उठाया था। जाकिर नाइक की पाकिस्तान यात्रा के दौरान कराची में उनके लिए आयोजित एक सार्वजनिक सभा के दौरान हुई, जहां लड़की ने खुद को पश्तून बताते हुए उपदेशक से पूछा कि उसके क्षेत्र में पीडोफिलिया, व्यभिचार और नशीली दवाओं की लत जैसी समस्याएं क्यों बनी हुई हैं। बावजूद इसके कि यह पूरी तरह से धार्मिक प्रकृति का है। उन्होंने यह भी पूछा कि मुस्लिम विद्वान (उलेमा) इन समस्याओं का समाधान क्यों नहीं करते। जाकिर नाइक ने शुरुआत में उपेक्षापूर्ण ढंग से जवाब दिया और मजाक में कहा कि पुरुषों को बिना किसी कारण के बाहर न निकलकर महिलाओं के उदाहरण का पालन करना चाहिए।

# हिजबुल्लाह के समर्थन में सड़कों पर उतरे लाखों मुसलमान, बुरा फंस गया पाकिस्तान, इजरायल का अगला टारगेट क्या इस्लामाबाद ?

ठीक एक साल पहले यानी 7 अक्टूबर के ही दिन इजरायली नागरिकों को बंधक बना लिया था। इजरायल लगातार कह रहा है कि हम युद्ध नहीं चाहते हैं। लेकिन हमारे नागरिकों को बंधक बनाया हुआ है उसे वापस किया जाए। हालांकि इजरायली हमले में फिलिस्तीन के भी मासूम लोगों की जान जा रही है। फिलिस्तीन और आतंकी संगठन हमास और हिजबुल्लाह के समर्थन में कराची में रैली निकाली गई। जिसे गाजा मिलियन मार्च का नाम दिया गया। हमास के सपोर्ट में सड़कों पर लोगों ने उतरकर इजरायल के खिलाफ अपना विरोध जताया। पाकिस्तान के साथ ही फिलिस्तीन के भी झंडे इस मार्च में लहराए गए। पाकिस्तान आतंक का हमदर्द बनता हुआ दिखाई दे रहा है। हमास के समर्थन में पाकिस्तान के मुसलमान नजर आ रहे हैं। वो हमास जिसने आज से ठीक एक साल पहले यानी 7 अक्टूबर के ही दिन इजरायली नागरिकों को बंधक बना लिया था। इजरायल लगातार कह रहा है कि हम युद्ध नहीं चाहते हैं। लेकिन हमारे नागरिकों को बंधक बनाया हुआ है उसे वापस किया जाए। हालांकि इजरायली हमले में फिलिस्तीन के भी मासूम लोगों की जान जा रही है। इजरायल के इतिहास में सबसे घातक, हमास के सात अक्टूबर को किए हमले के एक साल पूरे होने पर सोमवार को देशवासी रैली निकाल रहे हैं और शोक समारोह आयोजित कर रहे हैं। इस हमले ने गाजा में युद्ध को जन्म दिया और इजराइलियों को कभी न भूलने वाला घाव दे दिया। एक प्रमुख यहूदी अवकाश वाले दिन सीमा पार से किए गए इस हमले ने इजराइलियों के सुरक्षित होने के भरम को तोड़ दिया और नेताओं तथा सेना में उनके विश्वास को हिला कर रख दिया। इस हमले की गूंज एक साल बाद भी सुनायी दे रही है। गाजा में युद्ध आक्रामक हो गया है, इजरायल हिजबुल्ला के खिलाफ एक नया युद्ध लड़ रहा है और ईरान के साथ संघर्ष गहरा रहा है जिससे इस क्षेत्र के और खतरनाक संघर्ष की ओर बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। युद्ध की तबाही झेल रहे गाजा में कोई औपचारिक स्मारक कार्यक्रम की योजना नहीं है। इजराइलियों के सैकड़ों मृतकों, आतंकवादियों के कब्जे में कई बंधकों और उन्हें बचाने के लिए मारे गए या घायल हुए सैनिकों की याद में देशभर में समारोहों, कब्रिस्तानों और स्मारक स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

# मसूद–शफीक ने खेली बेहतरीन पारी, फिर भी नहीं तोड़ पाए सचिन– सहवाग का ये रिकार्ड

पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद और अब्दुल्ला शफीक ने मिलकर मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में जमकर गदर मचाया। पाकिस्तान ने पहला विकेट 8 रनों पर गंवाया था और दूसरे विकेट के लिए इंग्लैंड 261 रनों का इंतजार करना पड़ा। शान और शफीक ने मिलकर पाकिस्तान के लिए दूसरे विकेट के लिए 253 रनों की बेहतरीन साझेदारी निभाई। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस दौरान पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद और अब्दुल्ला शफीक ने मिलकर मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में जमकर गदर मचाया। पाकिस्तान ने पहला विकेट 8 रनों पर गंवाया था और दूसरे विकेट के लिए इंग्लैंड 261 रनों का इंतजार करना पड़ा। शान और शफीक ने मिलकर पाकिस्तान के लिए दूसरे विकेट के लिए 253 रनों की बेहतरीन साझेदारी निभाई। लेकिन ये दोनों मिलकर 20 साल पुराना सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग का 2004 मुल्तान टेस्ट का रिकॉर्ड तोड़ने में असफल रहे। बता दें कि, 2004 में वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर ने मुल्तान टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ 336 रनों की साझेदारी निभाई थी, जो इस स्टेडियम पर की कई आज तक की सबसे बड़ी साझेदारी है। तीसरे नंबर पर इस मामले में ब्रायन लारा और ड्वेन ब्रावो हैं, जिन्होंने 2006 में इसी मैदान पर 200 रनों की साझेदारी निभाई थी। सचिन और सहवाग ने जिस मैच में 336 रनों की साझेदारी निभाई थी, वह टेस्ट मैच इतिहास के पन्नों में दर्ज है। भारत ने उस मैच में पाकिस्तान को एक पारी और 52 रनों से



मात दी थी। भारत ने पहली पारी पांच विकेट पर 675 रनों पर घोषित कर दी थी। वीरेंद्र सहवाग ने उस मैच में 309 रन बनाए थे, वहीं तेंदुलकर 194 रन बनाकर नॉटआउट लौटे थे। तेंदुलकर जब 194 रन पर खेल रहे थे तो उस समय टीम इंडिया के कप्तान राहुल द्रविड़ ने पारी घोषिथ कर दी थी जिसको लेकर बाद में काफी विवाद हुआ था। अब पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच जारी तीन मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच की। जहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मुल्तान में पहले गेंदबाजों को पिच से बिल्कुल भी मदद नहीं मिल रही है। पाकिस्तान ने ना सिर्फ विकेट बचाए, बल्कि तेजी से रन भी बनाए। शान मसूद 151 रन बनाकर जबकि अब्दुल्ला शफीक 102 रन बनाकर आउट हो गए।

# पाकिस्तान को हराकर भी भारतीय महिला टीम का सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल, यहां जानें पूरा समीकरण

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की, क्योंकि इससे पहले उन्हें न्यूजीलैंड के हाथों 58 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत के बावजूद, टीम इंडिया के लिए सेमीफाइनल की राह आसान नहीं है महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत ने अपने दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान को 6 विकेट से हराते हुए शानदार जीत दर्ज की। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की, क्योंकि इससे पहले उन्हें न्यूजीलैंड के हाथों 58 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत के बावजूद, टीम इंडिया के लिए सेमीफाइनल



की राह आसान नहीं है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए टीम इंडिया को कई समीकरणों को अपने पक्ष में करना होगा। अगला मुकाबला भारत का श्रीलंका के खिलाफ होगा, जो टीम के लिए करो या मरो की स्थिति जैसा है। भारतीय टीम को इस मुकाबले में जीत हासिल करनी होगी, लेकिन सिर्फ जीत ही काफी नहीं होगी। टीम को अपने नेट रन रेट में भी सुधार करना होगा। जो कि पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से 58 रन की हार के बाद काफी खराब हो गया था। नेट रन रेट भारतीय टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की राह में सबसे बड़ी चुनौती है। इसके बाद, भारतीय टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। ये मुकाबला बेहद अहम होगा, क्योंकि भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। साथ ही इस मैच में भी उन्हें अपने नेट रन रेट को सुधारने की जरुरत होगी, जिससे सेमीफाइनल में जगह पक्की हो सके। अगर भारत श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दर्ज करता है लेकिन नेट रन रेट बेहतर करने में विफल रहता है, तो सेमीफाइनल का सपना टूट सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ अगर भारतीय टीम 11 ओवर के अंदर जीत हासिल कर लेती, तो उनका नेट रन रेट बेहतर हो जाता। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। अब भारतीय टीम के पास श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नेट रन रेट सुधारने का आखिरी मौका है। इन दोनों मैचों में जीत के साथ–साथ रन रेट पर भी फोकस करना होगा, ताकि सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रहें।

## शेफाली ने कहा- पहले से बेहतर हो गई है श्रीलंका की टीम, 13 अक्टूबर को टकराएंगी दोनों टीमें


शेफाली वर्मा का मानना है कि श्रीलंका की टीम पहले से बेहतर हो गई है और उसे किसी भी तरह से हल्के से नहीं लिया जा सकता क्योंकि वह अब केवल चमारी अटापट्टू पर ही निर्भर नहीं है। भारत को महिला टी20 विश्व कप के अपने अगले मैच में बुधवार को श्रीलंका का सामना करना है जिसने उसे एशिया कप के फाइनल में हराया था। भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का मानना है कि श्रीलंका की टीम पहले से बेहतर हो गई है और उसे किसी भी तरह से हल्के से नहीं लिया जा सकता क्योंकि वह



अब केवल चमारी अटापट्टू पर ही निर्भर नहीं है। भारत को महिला टी20 विश्व कप के अपने अगले मैच में बुधवार को श्रीलंका का सामना करना है जिसने उसे एशिया कप के फाइनल में हराया था। भारतीय टीम को इसके बाद 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है। शेफाली ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में 32 रन का योगदान देने के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा,''इससे पहले उनकी तरफ से चमारी ही अधिक रन बनाती थी और विकेट लेती थी लेकिन एशिया कप में उनकी पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। उनकी टीम में काफी सुधार हुआ है और इसलिए वह एशिया कप जीतने में सफल रही।'' भारतीय टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच काफी महत्वपूर्ण है जिसमें टीम को छोटी–छोटी गलतियों को करने से भी बचना होगा। मंधाना ने कहा,''एक खिलाड़ी के लिए प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण होता है। जब आप विश्व कप में खेल रहे हों तो आपको अपना शत प्रतिशत देना होता है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ आप गलतियां नहीं कर सकते हैं। उसे हराने के लिए आपको उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।''तेज गेंदबाज रेणुका सिंह का लक्ष्य श्रीलंका की कप्तान को सस्ते में आउट करना है। रेणुका ने कहा,'' चमारी अटापट्टू बेहद दिलचस्प खिलाड़ी है।

# विराट कोहली ने मां सरोज के साथ किया डांस, वीडियो हो रहा है वायरल

फील्डिंग के दौरान कोहली फैंस का मनोरंजन करने के लिए थिरकते नजर आते हैं। लेकिन अब सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रही है उसमें कोहली अपनी मां सरोज के साथ डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। ये वीडियो हर किसी को पसंद आ रहा है। विराट कोहली सिर्फ अपने खेल ही नहीं बल्कि मैदान पर अपने



डांस के लिए भी जाने जाते हैं। फील्डिंग के दौरान कोहली फैंस का मनोरंजन करने के लिए थिरकते नजर आते हैं। लेकिन अब सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रही है उसमें कोहली अपनी मां सरोज के साथ डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। ये वीडियो हर किसी को पसंद आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वीडियो कोहली और अनुष्का शर्मा की शादी का है। जब दिल्ली में रिसेप्शन हुआ था, विराट कोहली ने दिसंबर 2017 में अनुष्का के साथ शादी रचाई थी। शादी के बाद तत्कालीन भारतीय कप्तान ने दिल्ली में शानदार रिसेप्शन का आयोजन किया था। वीडियो में देखा जा सकता है कि कोहली पंजाबी गाने पर डांस कर रहे होते हैं। डांस करते–करते वह अपनी मां सरोज कोहली के पास पहुंच जाते हैं और फिर वह अपनी मां को डांस के लिए उठा लेते हैं। बता दें कि, विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की शादी को अब करीब 7 साल गुजर चुके हैं, मौजूदा वक्त में दोनों के दो बच्चे भी हैं,

# पाकिस्तान के हाथ से चली जाएगी चौंपियंस ट्राफी की मेजबानी! पीसीबी ने जारी कर दिया ये बयान

अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन रजा नकवी का बयान चर्चा का केंद्र बन गया है। भारत ने अब तक रुख स्पष्ट नहीं किया है कि वो अपनी टीम को चौंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं। इस बीच मोहसिन नकवी का बयान संकेत दे रहा है कि पाकिस्तान को शायद चौंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी खोने का डर सता रहा है। चौंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई है, लेकिन अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन रजा नकवी का बयान चर्चा का केंद्र बन गया है। भारत ने अब तक रुख स्पष्ट नहीं किया है कि वो अपनी टीम को चौंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं। इस बीच मोहसिन नकवी का बयान संकेत दे रहा है कि पाकिस्तान को शायद चौंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी खोने का डर सता रहा है।



मोहसिन नकवी ने कहा कि, भारतीय टीम को यहां जरूर आना चाहिए। मुझे ऐसा नहीं लगता कि टीम इंडिया यहां आना कैंसिल करेगी या अपने प्लान को स्थगित कर देगी। हमें पूर्ण विश्वास है कि चौंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में ही होगा। नकवी ने आगे ये भी कहा कि पाकिस्तान, भारत समेत अन्य सभी टीमों को आवभगत के लिए पूरी तरह तैयार है और चौंपियंस ट्रॉफी की तैयारियां समयानुसार चल रही हैं। पीसीबी आश्वस्त हैं कि पाकिस्तान के मैदान फरवरी के समय तक बहुत अच्छी हालत में आ चुके होंगे। पाकिस्तान द्वारा आईसीसी को बेजे गए प्रस्तावित शेड्यूल अनुसार चौंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से शुरू होगी और फाइनल 9 मार्च को खेला जाएगा। भारतीय टीम चौंपियंस ट्रॉफी में खेलेगी या नहीं, इस विषय पर बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बताया था कि टीम इंडिया किसी अन्य देश में खेलने जाएगी या नहीं, इसका फैसला केवल भारत सरकार के हाथों में है।

# मयंक और नीतीश ने कहा, सूर्या वो कप्तान हैं जो खिलाड़ियों को पूरी आजादी देते हैं

मयंक यादव और नितीश कुमार रेड्डी बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के लिए पदार्पण करने से पहले थोड़ा नर्वस थे लेकिन उन्होंने कहा कि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने लगातार उनका हौसला बढ़ाया। मयंक और नीतीश दोनों 21 साल के हैं और उन्होंने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने कौशल का प्रभाव छोड़ा। ग्वालियर । मयंक यादव और नितीश कुमार रेड्डी बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के लिए पदार्पण करने से पहले थोड़ा नर्वस थे लेकिन उन्होंने कहा कि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने लगातार उनका हौसला बढ़ाया जिससे उन्हें शांत बने रहने में मदद मिली। मयंक और नीतीश दोनों 21 साल के हैं और उन्होंने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने कौशल का प्रभाव छोड़ा। तेज गेंदबाज मयंक ने इस साल आईपीएल में अपनी रफ्तार से क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा था लेकिन पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह इस टूर्नामेंट में केवल चार मैच ही खेल पाए थे। उन्होंने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। नितीश ने भी 15 गेंदों पर नाबाद 16 रन बनाकर अपना प्रभाव छोड़ा। भारत ने यह मैच सात विकेट से जीता। मयंक ने बीसीसीआई टीवी से कहा,,''वह (सूर्यकुमार) आपको पूरी आजादी देते हैं। जब मैं रन अप पर जा रहा था तो उन्होंने मुझसे कहा कि वही करो जो तुम्हें अच्छा लगता है। यह किसी भी तेज गेंदबाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है विशेषकर तब जबकि आप आप अपना पहला मैच खेल रहे हों।'' नितीश ने भी सूर्यकुमार की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा,''वह बहुत शांतचित्त कप्तान हैं। वह बहुत अच्छी कप्तानी कर रहे हैं। उन्होंने हम पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं बनने दिया। हम अपना पहला मैच खेल रहे थे और थोड़ा नर्वस थे लेकिन उन्होंने हमें खुलकर खेलने की छूट दी। कोई भी खिलाड़ी अपने कप्तान से यही चाहता है।'' मयंक चार महीने तक बाहर रहने के बाद अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने से पहले भावुक हो गए थे। उन्होंने कहा,'' यह मेरे लिए यादगार पल था। जब मुझे पता चला कि मैं पदार्पण करने जा रहा हूं तो पिछले चार महीनों का पूरा परिदृश्य मेरी आंखों के सामने आ गया।''मोर्ने मोर्कल को दिया। मयंक ने कहा, ''मैं ऐसा नहीं सोच रहा था कि मैं पहला ओवर डालूंगा। बस उस पल को जीना चाहता था, उस पल का आनंद लेना चाहता था। मैं पिछले तीन वर्षों से उनके (मोर्कल) साथ हूं। मैं उन्हें जानता हूं और वह मुझे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। इसलिए, मेरे लिए उनके साथ काम करना बहुत आसान है। वह जानते हैं कि मेरे लिए क्या बेहतर है।'' नीतीश ने कहा कि भारत की तरफ से खेलना सपना सच होने जैसा है। उन्होंने कहा,''किसी भी क्रिकेटर के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण पल होता है। भारत के लिए खेलने सपना सच होने जैसा है। मैंने इसका पूरा आनंद लिया। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए भी बहुत गर्व का क्षण था।

# सर्दी–खांसी, जुकाम से बचाएगी ये फर्मेंटेड ड्रिंक, इम्यूनिटी होगी बूस्ट

बदलते मौसम में बीमार होने का खतरा बढ़ जाता है. इस मौसम में सर्दी–खांसी, जुकाम तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले लेता है. ऐसे में लोग बीमारियों से बचने के लिए कई तरह के उपाय आजमाते हैं. यहां आपके लिए एक ऐसा ही उपाय लेकर आएं हैं जिसे आप बड़ी आसानी से दैनिक जीवन में अपना सकते हैं. हम बात कर रहे हैं कांजी ड्रिंक की. इसे आसानी से आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं. यह आपकी इम्युनिटी को मजबूत बनाने के साथ कई तरह के संक्रमण से बचाने में मदद करेगा. कांजी का पानी पीने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ पाचन तंत्र भी दुरुस्त रहता हैं. ये एक फर्मेंटेड ड्रिंक होती है. इसे पीने से शरीर स्वस्थ रहता है. आइए जानते हैं, क्या है कांजी ड्रिंक और सेहत के लिए कैसे है ये फायदेमंद.

शरीर की कमजोरी करे दूरकांजी पीने से शरीर को इंस्टेट एनर्जी मिलती है. कांजी कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होती है. इसे पीने से शरीर को ऊर्जा मिलने के साथ शरीर की कमजोरी भी आसानी से दूर होती है. अगर आपको चक्कर आने की समस्या है, तो कांजी पी जा सकती है.

आंखों की रोशनी बढ़ाए

कांजी पीने से आंखे स्वस्थ रहने के साथ आंखों की रोशनी भी बढ़ती है. कांजी में मौजूद इसमें मौजूद एंथोसायनिन आंखों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है. वहीं गाजर में मौजूद विटामिन ए कम लाइट में भी आंखों को देखने की शक्ति देता है.सूजन और इंफेक्शन करे दूर

कांजी पीने से शरीर की सूजन कम होती है. कांजी में इस्तेमाल होने वाली काली गाजर शरीर की सूजन दूर करने के साथ यूरिन इंफेक्शन को भी दूर करने में मदद करती है. कांजी पीने से शरीर स्वस्थ रहता है.

कब्ज की परेशानी से दिलाए राहत

कब्ज की परेशानी काफी बढ़ जाती है. ऐसे में कांजी पीने से कब्ज की परेशानी को आसानी से दूर किया जा



सकता है. चुकंदर और गाजर में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो कब्ज की समस्या को दूर करके पेट को स्वस्थ रखने में मदद करता है.पाचन को बेहतर, पेट को रखे स्वस्थ

कांजी पीने से पाचन तंत्र मजबूत होता है. इसे पीने से अपच, गैस और एसिडिटी आसानी से दूर होती हैं. कांजी पीने से खाना ठीक से पचता है और पेट भी स्वस्थ रहता है. कांजी पीने से पेट में गुड बैक्टीरिया बढ़ते हैं.

घर पर कैसे बनाएं कांजी ड्रिंक?कांजी बनाने के लिए 2 चुकंदर और 4 से 5 गाजर को लेकर छोटे टुकड़ों में काट लें. अब एक जार में नमक, पिसी हुई सरसों और काली मिर्च और पानी को मिलाकर

डाल दें. अब इस जार को कपड़े से ढक्कर 6 से 7 दिन के लिए धूर में रख दें. इस जार को हिलाते भी रहें. जब कांजी तैयार हो जाएं, तो इस रस को अलग कांच की शीशी में भर में लें.

# क्या चाकलेट खाने हो जाते हैं मुंहासे ? स्किन स्पेशलिस्ट ने बताई हकीकत

चॉकलेट देखकर किसका मन नहीं ललचाता है. बच्चे हो या बड़े हर किसी की यह फेवरेट होती है, लेकिन कुछ रिसर्च में दावा किया जा रहा है कि चॉकलेट खाने से चेहरे पर कील–मुहांसें और पिंपल्स निकलते हैं. आमतौर पर यही सुनने को मिलता है कि ज्यादा ऑयली खाने से कील–मुंहासों की समस्या होती है लेकिन चॉकलेट इसका कारण बन सकता है यह शायद ही किसी ने सोचा होगा. आइए लंदन के स्किन स्पेशलिस्ट से जानते हैं क्या है इसकी हकीकत...क्या चॉकलेट से मुंहासे निकलते हैं

1960 के दशक में, चॉकलेट और मुंहासे के बीच संबंध का पता लगाने के लिए कई स्टडी की गई. अब तक किए गए सबसे बड़ी स्टडी में सिर्फ 65 लोगों को ही शामिल किया गया. जिसमें पाया गया कि मुंहासों और चॉकलेट के बीच कोई कनेक्शन नहीं है. हालांकि, इस स्टडी की काफी आलोचना भी की गई.चेहरे पर मुंहासों के लिए चॉकलेट को जिम्मेदार नहीं कहा जा सकता है लेकिन हम जो कुछ भी खाते–पीते हैं, उसका असर इस पर जरूर



पड़ता है. फैट, ऑयल, शुगर और डेयरी प्रोडक्ट्स से भरपूर चीजें इस तरह की समस्याओं को बढ़ा सकते हैं.टीनएज में चेहरे पर मुंहासे होने या उनके ठीक न होने का कारण अक्सर जेनेटिक होता है. दरअसल हमारी त्वचा में तेल पैदा करने वाली ग्रंथियों की साइज हमारे आनुवंशिकी पर निर्भर करता है.रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में खासकर महिलाओं में चेहरे पर मुंहासों की शिकायतें बढ़ी हैं, हालांकि, इसका कोई खास कारण सामने नहीं आया है. उन्होंने कहा कि हम जिस तरह की लाइफस्टाइल फॉलो कर रहे हैं, वह हमारे शरीर के लिए अच्छी नहीं है, शायद मुंहासे होने का कारण भी यही है.एक रिपोर्ट के अनुसार स्टडी में पाया कि चॉकलेट खाने से 5 से अधिक पिपल्स हो सकते हैं. भले ही 5 पिपल्स कम लगे लेकिन इनके फटने के बाद इनकी संख्या बढ़ सकती है. डॉ ग्रेगोरी का कहना है कि जिन लोगों का चेहरा साफ है, अगर वे चॉकलेट ज्यादा खाने लगे तो उन्हें भी पिंपल्ल हो सकते हैं. डॉ. ग्रेगोरी का कहना है कि चॉकलेट मुंहासों को बद से बदतर बना सकती है.

क्या डार्क चॉकलेट से खराब हो सकता है चेहरा

स्टडी में दावा किया गया है कि चॉकलेट कील–मुंहासों का एकमात्र कारण नहीं हो सकता है. इसके लिए कई फैक्टर्स जिम्मेदार हैं. इसमें खानपान, जीन, वातावरण जैसे कई कारण हैं. हालांकि डॉ. अस्वानोदा का कहना है कि उनकी स्टडी में डार्क चॉकलेट खाना घावों की संख्या के मामले में मुंहासे को बढ़ा सकता है.

कील–मुंहासों से कैसे बच सकते हैं किंग्स कॉलेज लंदन के डॉ. डोव हार्पर का कहना है कि टउच्च कैलोरी, कम पोषक तत्व वाले फूड्स

विजडम इण्डिया R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

sheelshukla100@gmail.com


# द लीजेंड आफ हनुमान के पांचवें सीजन का हुआ ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

जीवन जे कांग और नवीन जॉन की वेब सीरीज द लीजेंड ऑफ हनुमान के अब तक 4 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिला।अब दर्शक इसके पांचवें सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म हो जाएगा।आखिरकार निर्माताओं ने द लीडेंज ऑफ हनुमान के पांचवें सीजन का ऐलान कर दिया है।यह सीरीज जल्द ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज होगी। इसकी रिलीज तारीख भी सामने आ गई है। डिज्नी हॉटस्टार ने द लीडेंज ऑफ हनुमान का टीजर साझा करते हुए लिखा, पवनपुत्र लौट के आ रहे हैं, पंचमुखी अवतार में।इस सीरीज का प्रीमियर 25 अक्टूबर से डिज्नी हॉटस्टार पर होगा, जिसे आप हिंदी, बंगाली, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और मराठी भाषाओं में देख सकते हैं।द लीजेंड ऑफ हनुमान का पहला और दूसरा सीजन 2021 में आया था, वहीं इसका तीसरा सीजन 12 जनवरी, 2024 और चौथा सीजन 5 जून, 2024 में आया था।

इस शो में संकेत म्हात्रे, सुरभि पांडे, दमनदीप सिंह बग्गन, विक्रांत चतुर्वेदी, रिचर्ड जोएल, शरद केलकर, रोहन जादव, शक्ति सिंह, साहिल वैद, वली, अहिरावण, तोशी सिन्हा, राजेश जॉली, आदित्य राज शर्मा, पुष्कर विजय, रोहन वर्मा, शैलेंद्र पांडे, सुरेंद्र भाटिया, विक्रम कोचर, अमित देवंडी, गणेश दिवेकर, गिरीश सहदेव और कई अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं. बता दें कि पहले सीजन का प्रीमियर 29 जनवरी, 2021 को 13 एपिसोड के साथ हुआ था. बाद में 27 जुलाई, 2021 को 13 एपिसोड के साथ इसका दूसरा सीजन सामने आया. वहीं 12 जनवरी 2024 इसके तीसरे सीजन के छह एपिसोड सामने आए. चौथे सीजन की घोषणा 23 अप्रैल 2024 को हनुमान जयंती के अवसर पर की गई थी। इस शो का प्रसारण इस साल 5 जून से 11 जुलाई तक किया गया. द लीजेंड ऑफ हनुमानच सीरीज, वर्तमान में डिज्नी ?लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है.।

# अविका गौर ने अपनी आगामी फिल्म शनमुखा का पोस्टर किया शेयर

अविका गौर ने अपनी आगामी फिल्म शनमुखा का पोस्टर शेयर किया है, जिसे शन्मुगम सप्पानी ने निर्देशित किया है. अविका ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर साझा करते हुए लिखा, यह अनोखा और सस्पेंसफुल पोस्टर उस रोमांचक यात्रा की एक झलक है जो आपका इंतजार कर रही है. एक महाकाव्य साहसिक कार्य के लिए तैयार हो जाएं, जिसमें रहस्य, थ्रिलर और समय में पीछे की यात्रा शामिल है. शनमुखा इस अक्तूबर सिनेमाघरों में दस्तक देगी. पोस्टर में फिल्म की रोमांचक और रहस्यमय थीम को दिखाया गया है, जिससे दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ गई है. शनमुखा के निर्देशक शनमुगम सपनी हैं और फिल्म का निर्माण तुलसीराम सपनी, शनमुगम सपनी और रमेश यादव द्वारा सैपब्रो प्रोडक्शंस के बैनर तले किया जा रहा है, जिसने पहले 2022 की फिल्म सासनसभा का निर्माण किया था। हाल ही में, निर्माताओं ने यह भी घोषणा की कि आगामी दिव्य थ्रिलर की शूटिंग पूरी हो गई है।



प्रख्यात संगीत निर्देशक रवि बसरूर ने शनमुखा के लिए संगीत तैयार किया है। छायांकन आरआर विष्णु ने किया है। इस बीच, सतीश अकेत पटकथा लेखक होने के साथ–साथ फिल्म के संपादक भी हैं। एस बलवीर ने कहानी और संवाद लिखे हैं। आदि साईकुमार को आखिरी बार विश्वक सेन अभिनीत फिल्म दास की धमकी में देखा गया था। दूसरी ओर, अविका गोर की आखिरी ऑन–स्क्रीन उपस्थिति 2023 की फिल्म उमापति में थी।

# आलिया भट्ट की स्पाई थ्रिलर अल्फा की रिलीज डेट हुई अनाउंस, अगले साल क्रिसमस पर सिनेमाघरों में देगी दस्तक

यशराज के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा की रिलीज डेट सामने आ गई है. आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर फिल्म अल्फा के लिए दर्शकों लंबा इंतजार करना पड़ेगा. हाल ही में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ ने कश्मीर में फिल्म का 10 दिनों का एक शेड्यूल पूरा किया था. वहीं, फिल्म के अगले शेड्यूल से पहले मेकर्स ने अल्फा की रिलीज डेट का एलान कर दिया है. यशराज बैनर ने सोशल मीडिया पर फिल्म से एक पोस्टर जारी किया है. इस पर फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा हो रहा है.आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की फिल्म अल्फा 25 दिसंबर 2025 को रिलीज होने जा रही है. पहले इस तारीख को आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल स्टारर फिल्म लव एंड वॉर रिलीज होने वाली थी. लेकिन लव एंड वॉर की हाल ही में इसके डायरेक्टर संजय लीला भंसाली ने रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी दी थी. अब लव एंड वॉर 20 मार्च 2026 को रिलीज होने जा रही है.अल्फा के बारे में बता दें, शिव रवैल ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है. फिल्म के प्रोड्यूसर यशराज बैनर के मालिक आदित्य चोपड़ा है. अल्फा एक फीमेल स्पाई यूनिवर्स फिल्म है, जो हिंदी सिनेमा के इतिहास में पहली बार बनने जा रही है. इसमें आलिया और शरवरी को मास एक्शन करते देखा जाएगा.

बता दें, आलिया भट्ट को पिछली बार फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में देखा गया था. अब आगामी 11 अक्टूबर को आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा रिलीज होने जा रही है. वहीं, शरवरी वाघ ने मौजूदा साल में सुपर हॉरर फिल्म मुंज्या दी थी.

# देवरा धीमी रफ्तार से बढ़ रही आगे, 8वें दिन बस इतनी कमाई कर पाई फिल्म

साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा इन दिनों सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। फिल्म ने भले ही अपनी आध ी से ज्यादा लागत वसूल कर ली है, लेकिन इसकी कमाई में पहने दिन से ही उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है।अब फिल्म अपने दूसरे हफ्ते में प्रवेश कर चुकी है और अपनी रिलीज के 8वें दिन फिल्म में अब तक की सबसे कक कमाई की है।आइए जानें फिल्म का अब तक का कुल कारोबार। रिपोर्ट के मुताबिक देवरा पार्ट 1 ने रिलीज के दूसरे शुक्रवार यानी 8वें दिन 6.25 करोड़ की कमाई की है। इसी के साथ देवरा पार्ट 1 का आठ दिनों का कुल कलेक्शन अब 221.85 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म ने अच्छी कमाई तो कर ली है और ये साल की चौथी सबसे ज्यादा कारोबार करने वाली फिल्म भी बन गई है लेकिन ये बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रही है।फिल्म के भारत में अब तक के कारोबार की बात करें तो देवरा पार्ट 1 ने रिलीज के पहले दिन 82.5 करोड़ का कलेक्शन किया था।दूसरे दिन



फिल्म ने 38.2 करोड़, तीसरे दिन 39.9 करोड़, चौथे दिन 12.75 करोड़, पांचवें दिन 14 करोड़, छठे दिन 21 करोड़ और सातवें दिन 7.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।इसी के साथ देवरा पार्ट 1 की पहले हफ्ते की कुल कमाई 215.6 करोड़ रुपये हो गई थी। देवरा का निर्देशन कोराताला शिवा ने किया है। इस फिल्म में एनटीआर डबल रोल में नजर आ रहे हैं। उन्होंने फिल्म में पिता वरधा और बेटे देवरा का किरदार निभाया है। देवरा के जरिए जाह्नवी कपूर ने दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखा है।सैफ अली खान ने फिल्म में भैरा नाम के विलेन की भूमिका निभाई है।देवरा सिनेमाघरों के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर नवंबर के अंत तक हो सकता है। देवरा की कहानी एनटीआर की है। वह फिल्म में विलेन बने सैफ उर्फ भैरा के साथ मिलकर समुद्र के जरिए गैर कानूनी कामों को अंजाम देते हैं लेकिन एक दिन देवरा का हृदय परिवर्तन हो जाता है और ये बात भैरा को पसंद नहीं आती। इसी बीच एक दिन देवरा गायब हो जाता है। वह समुद्र में जाने और गैर कानूनी काम करने वालों को बख्शता नहीं है।जाह्नवी ने इसे फिल्म में थंगम का किरदार निभाया है।

# मानुषी छिल्लर ने आफ शोल्डर गाउन पहन दिए किलर पोज, एक्ट्रेस की हाटनेस फैंस के उड़ाए होश

पूर्व मिस वर्ल्ड और एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनकी अदाओं का जलवा फैंस के बीच गजब देखने को मिलता है। बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा मानुषी छिल्लर ने हाल ही में एक शानदार ऑफ शोल्डर ब्लैक गाउन पहनकर सबको अपना दीवाना बना दिया. उन्होंने अपने किलर पोज से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं. इस लुक में मानुषी का अंदाज बेहद खास नजर आ रहा था. मानुषी ने लाइट मेकअप के साथ अपने बालों को खास



अंदाज में बांधा हुआ था, जो उनकी खूबसूरती को और निखार रहा था. उनकी हॉटनेस और कॉन्फिडेंस ने हर किसी का ध्यान खींच लिया, जिससे फैंस के होश उड़ गए. उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, और फैंस उनकी इस नई लुक की तारीफें करते नहीं थक रहे हैं

. मानुषी छिल्लर का यह लुक साबित करता है कि वह हमेशा अपने फैशन से सबको प्रभावित करती हैं.बता दें कि मानुषी छिल्लर हमेशा अपने बोल्ड और हॉट अंदाज से फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं।

हालांकि फैंस भी उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। साथ ही फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स कर के जमकर प्यार लूटाते हैं।

# फिर बदली लकी भास्कर की रिलीज डेट, अब इस दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी दुलकर सलमान की फिल्म

दुलकर सलमान की अगली फिल्म लकी भास्कर अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। हालांकि, वेंकी एटलुरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज डेट एक बार फिर से बदल चुकी है। सबसे पहले इस फिल्म की रिलीज की तारीख 27 सितंबर तय की गई थी, जिसे बाद में बदलकर 7 सितंबर कर दिया गया था। हालांकि, अब इसकी रिलीज डेट में फिर से बदलाव हुआ है, जिससे इसका इंतजार कर रहे प्रशंसकों को झटका लगना लाजमी है।

लकी भास्कर के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा की। यह अब दिवाली के अवसर पर 31 अक्तूबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की प्रत्याशा को ध्यान में रखते हुए, निर्माताओं ने एक नोट जारी किया जिसमें कहा गया कि वे फिल्म की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं करना चाहते हैं। बयान में कहा गया है, हम इसे हर भाषा में यथासंभव प्रामाणिक रूप से देसी बनाना चाहते हैं। टीम इसके पैन इंडिया रिलीज की भी योजना बना रही है जिसके लिए उन्हें अधिक समय की आवश्यकता है।लकी भास्कर के एक पीरियड थ्रिलर होने की उम्मीद है। फिल्म में दुलकर सलमान एक बैंकर की भूमिका निभाएंगे, जिसे अमीर बनने का एक रहस्यमय तरीका मिलता है। मीनाक्षी चौधरी, आयशा खान और पी. साई कुमार कलाकारों का हिस्सा हैं। लकी भास्कर का निर्देशन फिल्म निर्माता वेंकी एटलुरी ने किया है।सीथारा एंटरटेनमेंट द्वारा फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के सहयोग से निर्मित यह फिल्म तेलुगु, मलयालम, तमिल और हिंदी में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण सितारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमा के नागा वामसी और साई द्वारा किया जा रहा है। फिल्म के संगीतकार जीवी प्रकाश कुमार हैं। यह फिल्म 31 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होगी।

# कंगना रनौत तनु वेड्स मनु 3 में निभाएंगी 3 अलग–अलग किरदार, सामने आईं ये दिलचस्प जानकारियां

कंगना रनौत जल्द ही कई फिल्मों में नजर आएंगी। तनु वेड्स मनु रिटर्न्स भी उनकी आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है।इसके सीक्वल को लेकर लंबे समय से खबरें आ रही हैं। यहां तक कि खुद निर्देशक आनंद एल राय सीक्वल से जुड़ीं कई जानकारियां साझा कर चुके हैं, लेकिन अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक इसे लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ जाएगा।दरअसल, तनु वेड्स मनु 3 में कंगना 3 अलग–अलग भूमिकाओं में नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, तीसरे भाग की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां दूसरा भाग खत्म हुआ था। एक बार फिर कंगना संग आर माधवन की जोड़ी देखने को मिलेगी।फिल्म में खूब रोमांस और ड्रामा होगा। सबसे दिलचस्प बात यह है कि कंगना इस फिल्म में पहली बार ट्रिपल रोल करने जा रही हैं।उनके एक्टिंग करियर में यह पहला मौका होगा, जब वह फिल्म में 3 अलग–अलग किरदार निभाएंगी। इसे लेकर कंगना बेहद उत्साहित और रोमांचित हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग अगले साल जुलाई या अगस्त में शुरू होगी। इससे पहले राय अभिनेता धनुष और कृति सैनन के साथ फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग पूरी करेंगे, वहीं इसी बीच कंगना की फिल्म इमरजेंसी पर्दे पर आएगी।बताया जा रहा है कि तनु वेड्स मनु 3 साल 2026 में पर्दे पर आएगी।तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में कंगना ने डबल रोल किया था और दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी थी। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म तनु वेड्स मनु में कंगना, माधवन, जिमी शेरगिल, दीपक डोबरियाल, एजाज खान



और स्वरा भास्कर भी थीं। यह 2011 में रिलीज हुई थी। दूसरा भाग तनु वेड्स मनु रिटर्न्स 2015 में दर्शकों के बीच आया, जिससे कुछ नए कलाकार भी जुड़े थे।

# दीपशिखा नागपाल ने बताया कि कैसे देव आनंद ने उन्हें अपने साथ काम करने के लिए राजी किया

अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल ने खुलासा किया है कि उन्होंने एक्टिंग को अपना करियर इसलिए चुना क्योंकि, प्रतिष्ठित अभिनेता–फिल्म निर्माता देव आनंद ने उनसे कहा था।

अभिनेत्री ने कहा, मेरा परिवार, खास तौर पर मेरे नानाजी, पहले से ही फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा थे। मूक फिल्मों के दौर से ही मेरे नानाजी ने दादा मुनि (अशोक कुमार) और महमूद जैसे दिग्गजों को मौका दिया था। मेरी मां गुजराती फिल्मों में अभिनेत्री थीं और मेरे पिता निर्देशक, लेखक और अभिनेता थे। दिग्गज अभिनेता देव आनंद अपनी फिल्म के लिए लड़कियों की तलाश कर रहे थे और मेरी मां मुझे और मेरी बहन को उनसे मिलवाने ले गई थी।दीपशिखा ने बताया कि उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि देव आनंद मेरी बहन को नहीं बल्कि उन्हें साइन करना चाहते थे। भले ही वह एक अभिनेत्री बनने की आकांक्षा रखती थी।देव आनंद के प्रस्ताव को मैंने ठुकरा दिया। क्योंकि अभिनय कभी मेरा सपना नहीं था। मैं मिस इंडिया या एक स्वतंत्र कॉर्पोरेट महिला बनना चाहती थी, शायद एक फैशन डिजाइनर भी। लेकिन देव साहब लगातार कोशिश करते रहे और आखिरकार उन्होंने मुझे अपने साथ काम करने के लिए मना लिया। अभिनेत्री ने दिवंगत स्टार के साथ बिताए पलों को याद करते हुए कहा, मुझे अभी भी उनके शब्द याद हैं, दीपशिखा, मेरे साथ काम करो और अगर तुम नहीं चाहती हो तो किसी और के साथ काम मत करना। मैं आखिरकार राजी हो गई, हालांकि मैंने जोर दिया कि वह मेरी बहन को भी साइन करें।अभिनेत्री ने बताया कि उनकी पहली फिल्म गैंगस्टर थी। मुझे मुझे अफसोस है कि मैंने इसे ठुकरा दिया था। मैं देव आनंद की गैंगस्टर में काम कर रही



लगा था कि यह मेरी आखिरी फिल्म होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इंडस्ट्री ने मुझे नोटिस करना शुरू कर दिया। लोग मेरी तुलना परवीन बॉबी से करने लगे, और मैंने इस सफर का आनंद लेना शुरू कर दिया।दीपशिखा ने खुलासा किया कि उन्हें 1995 की फिल्म करण अर्जुन की पेशकश की गई थी, जिसमें सलमान खान और शाहरुख खान मुख्य भूमिका में थे। उन्होंने कहा, मुझे राकेश रोशन ने करण अर्जुन की पेशकश की थी। लेकिन, थी।अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने फिल्मों से टेलीविजन की ओर रुख क्यों किया। उन्होंने बताया कि मैंने शादी करने के बाद अपना ध्यान फिल्मों से टेलीविजन की ओर मोड़ लिया। लगभग उसी समय, मॉरीन वाडिया की ग्लैडरैग्स मिसेज इंडिया प्रतियोगिता शुरू हुई, और मैंने इसमें भाग लेने का फैसला किया। यह कुछ ऐसा था जिसे मैं खुद अनुभव करना चाहती थी। अभिनेत्री ने कहा, मैंने 2003 की मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में भाग लिया

# तेजश्वनी प्रकाश से लेकर अंकिता लोखंडे और शमिता शेट्टी तक, बिग बास के फेवरेट रहे हैं ये सितारे

बिग बॉस 6 अक्टूबर को अपना नया सीजन शुरू हो गया है। हमेशा से ही बिग बॉस पर कुछ लोगों के प्रति बायस्ड होने का आरोप लगाया जाता है। कई सारे ऐसे प्रतियोगी रहे हैं जिनको काफी ज्यादा कलर्स की तरफ से सपोर्ट मिला है। बिग बॉस 6 अक्टूबर को अपना नया सीजन शुरू हो गया है। हमेशा से ही बिग बॉस पर कुछ लोगों के प्रति बायस्ड होने का आरोप लगाया जाता है। कई सारे ऐसे प्रतियोगी रहे हैं जिनको काफी ज्यादा कलर्स की तरफ से सपोर्ट मिला है। आज हम आपको उन्हीं प्रतियोगियों के बारे में बताने जा रहे हैं। इस लेख में, हम उन सभी प्रतियोगियों का सारांश देंगे जिनके बारे में प्रशंसकों का मानना घ्है कि उन्हें बिग बॉस और होस्ट से बहुत अधिक विशेषाधि ाकार और समर्थन मिला।रामायण पर आधारित थीम बिग बॉस 13 जीतने वाले अभिनेता न केवल प्रशंसकों के पसंदीदा थे – कई लोगों का मानना घ्था कि शो के निर्माता उनके आक्रामक व्यवहार और गुस्से के मुद्दों के बावजूद उनके पक्ष में पक्षपाती थे। पूरे सीजन के दौरान दिवंगत अभिनेता ने रश्मि देसाई, अरहान खान और असीम रियाज सहित लगभग हर प्रतियोगी के साथ तीखी बहस और बदसूरत तकरार की। सना मकबूल बिग बॉस ओटीटी 3 की विजेता को लेकर लोगों के दिल में यह सवाल था कि वह शो की असली विनर नहीं थी। शो के मेकर्स ने उन्हें विजेता बनाया है। उन्हें समय समय पर बहुत ज्यादा इम्युनिटी शो में दी गयी। उन्हें शो में कई बार बिग बॉस ने बचाया। शमिता शेट्टी शमिता को भी बिग बॉस ओटीटी और बिग बॉस 15 दोनों में होस्ट के साथ उनके संबंधों के कारण राजसी व्यवहार मिला। अपने बुरे







व्यवहार के बावजूद, उन्हें कभी भी किसी भी तरह की कड़ी आलोचना का सामना नहीं करना पड़ा। हालाँकि उनके पास बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं था, फिर भी वे फिनाले तक पहुँच गईं, अक्सर उन्हें नामांकन और निष्कासन से बचा लिया गया।रुबीना दिलाइक एक और प्रतियोगी जिसे निर्माताओं द्वारा व्यापक रूप से पसंद किया गया था, वह बिग बॉस 14 की विजेता रुबीना दिलाइक थीं। रुबीना फिर भी विजयी होने में सफल रहीं। हालाँकि सलमान खान ने उन्हें कई मौकों पर डांटा, लेकिन आखिरकार उन्होंने सीजन की विजेता का खिताब हासिल किया। अंकिता लोखंडे अंकिता लोखंडे ने अपने पति विक्की जैन के साथ बिग बॉस 17 में प्रवेश किया और इस जोड़ी ने जल्द ही खुद को शीर्ष पाँच फाइनलिस्टों में पाया। हालाँकि, उन्हें अक्सर घर के अंदर आलोचना का सामना करना पड़ा, जिसमें कई लोगों ने उन पर निर्माताओं द्वारा पक्षपात करने का आरोप लगाया। शिल्पा शिंदे बिग बॉस 11 की विजेता शिल्पा शिंदे को कथित तौर पर ट्रॉफी के लायक नहीं होने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। पूरे सीजन में, वह अक्सर प्रमुख कार्यों को पूरा करने में संघर्ष करती रहीं और रसोई पर केंद्रित रणनीति का सहारा लिया।

# सुरक्षा कार्यों हेतु आवेदित उम्मीदवारों के प्रशिक्षण के लिए दी गई अनुमति

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

एम०आर०जसवाल, कमाण्डेन्ट, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ के पत्र संख्या–6511ध दिनांक 24–09–2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली एवं एस०आई०एस० इण्डिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाध ाान में सुरक्षा कार्यों के लिए आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृ त कर प्रशिक्षणोपरान्त स्थाई रोजगार प्रदान दिये जाने हेतु शिविर आयोजित करने की अनुमति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया गया है। इस क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि निम्न विवरण के अनुसार अपने विकास खण्ड मुख्यालय पर उपरोक्तानुसार शिविर आयोजित कराने हेतु संस्था का अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें साथ ही अपने विकास खण्ड के ग्राम पंचायतों में उक्त प्रशिक्षण हेतु इच्छुक युवकों को अपने स्तर से शिविर आयोजन की सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि भर्ती में किसी प्रकार अवैधानिक कार्य न हो ताकि बेरोजगारों को सुलभता से रोजगार मिलने मे सहायता मिल सके। विवरण निम्नलिखित है–विकास खण्ड बढ़नी, शोहरतगढ़ 8.10.2024 एवं 09.10.2024, विकास खण्ड खेसरहा एवं मिठवल 11.10.2024 एवं 18.10.2024, विकास खण्ड बांसी एवं जोगिया 19.10.2024 एवं 21.10.2024, विकास खण्ड उसका एवं नौगढ़ 22.10.2024 एवं 23.10.2024 तथा बर्ड पुर एवं लोटन बाजार 24.10.2024 एवं 25.10.2024 निर्धारित है। इसकी जानकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा जिला विकास अधिकारी, सिद्धार्थनगर द्वारा दिया गया है।

# होटल, रेस्टोरेंट, चाय ,और फास्टफूड की दुकानों की तरफ खाद्य विभाग का नही है ध्यान।

## स्वच्छता को दरकिनार कर बिना हाइजेनिक कैप,मास्क,ग्लब्स का प्रयोग किये लोगो को दी जा रही सर्विस।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

एक तरफ सरकार लोगो के लिए नई नई योजना, कार्यक्रम और नियम बनाने का दावा कर रही है तो दूसरी तरफ सरकार की ये नीति दम तोड़ रही है सरकार स्वच्छता और स्वास्थ्य पर करोड़ो रूपये प्रचार प्रसार पर खर्च कर रही है जिससे लोगो को एक बेहतर कल हासिल हो सके लेकिन सरकार की ये कोशिस नाकाम साबित हो रही है जिसका मुख्य कारण जिला प्रशासन और योजना से जुड़े संबंधित विभाग की निष्क्रिय कार्यशैली सरकार जो योजना लागू कर प्रचार प्रसार में करोड़ो खर्च कर रही है जिला प्रशासन उनको धरातल पर लाने के बजाय केवल कोटा पूरा कर सरकार की नजर में वाहवाही लूटने का कार्य कर रही है स्वच्छ्ता के मामले में ग्रामीण से लेकर शहरों तक स्थिति बदहाल है हर जगह गंदगी का अंबार है कर्मचारी सरकार से बेतन तो ले रहे है लेकिन बदले में कार्य के नाम पर केवल कोरम पूरा हो रहा है।विदित हो कि लोगो की जिंदगी में खानपान भी बहुत अहम भूमिका निभाते है लेकिन खान पान भी लोगो के जान से खिलवाड़ कर रहे है जिले में संचालित होटलो, रेस्टोरेंटों,चाय, चाट, चायनीज, और साउथ डिशों ने लोगो का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है आज हर व्यक्ति चाहे वो सरकारी,प्राइवेट,अमीर गरीब हो सभी चाय और लजीज खानों के शौकीन है आज सभी लोग होटलो,रेस्टोरेंटों में जाकर खाने का शौक रखते है लेकिन होटलो,रेस्टोरेंटों के संचालक लोगो के जीवन के साथ खेल रहे है साथ साथ खाने पीने वाले लोग भी अपनी सुरक्षा को लेकर लापरवाह बने हुए है लेकिन इन सब से जुड़ा विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाने में पीछे है दो वर्ष पूर्व कोरोना काल मे जिस तरह का नियम सुरक्षा के लिए बना था होटलो,रेस्टोरेंटों,फास्टफूड की दुकानों के लिए भी में भी कुछ नियम सरकार ने बनाया है लेकिन उन नियमो का पालन करवाने में खाद्य विभाग निष्क्रिय है आज जहा लोगो को खाने के लिए होटलो, फास्टफूड की दुकानों पर जाना होता है वही लोगो को सर्विस देने के लिए कुछ नियम है होटलो रेस्टोरेंट में खाना बनाने वालो को सुरक्षा की दृष्टि से एप्रेन,हाइजेनिक कैप,हाथों में ग्लव्स,और मास्क लगाना अनिवार्य है वही सर्व करने वाले कर्मचारियों को भी ग्लब्स,हाइजेनिक कैप और मास्क लगाना जरूरी है लेकिन कोई भी खान पान का सामान बेचने वाले इन नियमो का पालन नही करते और खाद्य विभाग भी इस तरफ कोई ध्यान नही दे रहा वही खाने के सामानों में प्रयोग होने वाले सामग्री की भी कोई जांच नही होती खुले में खाने पीने के सामान बेचे जा रहे है कलक्ट्रेट मुख्यालय पर भी बिना सुरछा कवच के कई दुकानें संचालित हो रही है लोग बड़े चाव से खाने का स्वाद ले रहे है।मजे की बात तो ये है कि होटल,रेस्टोरेंट,फास्टफूड की दुकान चलाने वाले ग्राहकों से हर सुबिधा और टेक्स जोड़कर पूरा पैसा वसूलते है लेकिन सुबिध ाा के नाम पर कुछ नही मिलता खुले हाथों से खाने पीने के चीजो को छूना, एक ही तेल का कई बार प्रयोग करना खुले में सामान को रखकर बेचना ये सभी लोगो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है लेकिन विभाग इसकी तरफ कोई भी ध् यान देना जरूरी नही समझता लोगो को खाने पीने के चीजो के साथ साथ ऐसी बस्तुओं को परोसा जा रहा है जिससे लोगो को कई विमारियों का सामना करना पड़ रहा है चाउमीन, बर्गर की दुकानों पर गंदे कपड़े का प्रयोग कर बर्गर को बनाते देखा जा सकता है लेकिन खाद्य विभाग चुप्पी साध कर सब कुछ देखकर अनजान बना हुआ है और लोगो के स्वास्थ पर बुरा असर पड़ने का इंतजार कर रहा है।

# चाक चौबंद सुरक्षा के बीच निकली श्रीराम बारात,झूम कर नाचे बाराती,आदिवासी जोड़े की शादी में साक्षी बनी हजारों की भीड़

बीजपुर(सोनभद्र) (आरएनएस )स्थानीय बाजार स्थित सब्जी मंडी में रामलीला मंचन के दौरान रविवार की शाम श्रीराम बारात निकाली गयी जिसमे हजारों की संख्या में पहुँचे बारातियों ने जमकर ठुमके लगाए।राम बारात एनटीपीसी स्वागत द्वार से शुरू होकर मोटर गैरेज होते हुए दूध ाहिया माता मंदिर से वापस सब्जी मंडी स्थित रामलीला ग्राउंड पहुंची जहाँ हजारो की भीड़ ने श्रीराम बारात का जोरदार स्वागत किया। पहले माता सीता ने भगवान राम को वरमाला पहनाई। उसके बाद रामलीला मंचन के दौरान समिति द्वारा पूर्व कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्र के एक आदिवासी गरीब जोड़े की विधि विधान पूरक शादी कराई गई जिसके साक्षी हजारों की संख्या में उपस्थिति महिला पुरुष बच्चें और व्यवसाई बने। शादी में आदिवासी कन्या सोनमती पुत्री स्व.जीतू निवासी जिगनहवा एवं दूल्हा सोहन सिंह पुत्र स्व.दख्खल सिंह निवासी बेगारीडाँड़(बिहारपुर) छत्तीसगढ़ की शादी आचार्य आदर्श कुमार शास्त्री ने हिन्दू रीति रिवाज के साथ धूमधाम से कराई जिसमे यूनियन बैंक कर्मी सुनील सिंह स पत्नी ज्ञानमाला देवी ने कन्यादान कर गृहस्ती की सामग्री भेंट की गयी।साथ ही पूजा समिति की तरफ से लड़की को गृहस्थी का बेड विस्तर कपड़ा बर्तन जेवर आदि गृहस्ती का सारा सामान उपहार स्वरूप दे कर विदा किया गया। शादी के दौरान भगवान श्रीराम का किरदार निभा रहे रामजग पांडेय व भाई लक्ष्मण के रूप में नीतीश चंद्र शर्मा के साथ रथ में विराजमान थे वही शादी के लिए आए दूल्हे की गाड़ी रथ के पीछे पीछे चल रही थी। बारात में डीजे के अलावा भांगड़ा पार्टी, रोड लाइट की जोरदार व्यवस्था रही।रामलीला कमेटी के अध्यक्ष बृज किशोर गुप्त उर्फ पप्पू ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरीब बच्ची की शादी की गयी जिसमे समस्त बाजार के व्यवसाइयों ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा निरीक्षक अपराध अजय विक्रम यादव मय फोर्स बारात की सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे साथ ही कमेटी द्वारा बनाए गए वालेंटियर विजेन्द्र सिंह नगेन्द्र सिंह विशाल गुप्ता दुर्गेश यादव रवि गुप्ता विष्णु गुप्ता युवराज साहा गोलू केसरी राजेश गुप्ता ने भी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रखी थी। इस मौके पर विनोद

गर्ग रविंद्र गुप्ता सीताराम शर्मा लल्लन सिंह जसवंत सिंह प्रेमचंद गुप्ता सुशील सोनी मुन्ना प्रसाद जयप्रकाश सिंह विजय कुमार पटेल राकेश गर्ग विनय मोदनवाल सहित हजारों की संख्या में महिलाएं पुरूष बच्चे उपस्थित रहे।

# हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल में छात्राओं को दी गयी महिला सशक्तिकरण की जानकारी

बीजपुर(सोनभद्र)(आरएनएस )शासन के निर्देश पर सोमवार को प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल बीजपुर में महिला शसक्तीकरण फेज 5 के अंर्तगत उपस्थित विद्यालय की महिला टीचरों सहित बच्चियों को विधिवत जानकारी दी गयी। इस दौरान साइबर अपराध हेल्प लाइन नम्बर 1930, 1090, 112, 1098, चाइल्ड लाइन 181,102,108 तथा तीनो नए कानून के सम्बंध में भी जानकारी दी गयी।प्रभारी निरीक्षक श्री मिश्रा ने कहा कि महिलाओं के साथ अपराध के दौरान दिए गए हेल्प लाइन नम्बर पर तत्काल फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।इस दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस महिला सुरक्षा के प्रति सदैव सतर्क है।इस दौरान उन्होंने उपस्थिति छात्राओं को सुरक्षा के लिए विशेष टिप्स दिए और भरोसा दिया कि विद्यालयो के आस पास घूमने वाले शोहदों की खैर नही है।प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि शासनादेश के अनुसार मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत यह कार्यक्रम क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में चलता रहेगा।

# अनियंत्रित बाइक सवार की अज्ञात वाहन से टकराकर मौत

डाला (आरएनएस )( सोनभद्र) स्थानीय चौकी क्षेत्र अन्तर्गत वाराणसी– शक्ति नगर मार्ग पर बारी स्थित वैष्णो मंदिर के पहले ड्रम से टकराकर अनियंत्रित हुए बाइक सवार की अज्ञात वाहन का धक्का लगने से मौत हो गई। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़ भी पहुंच गए और एंबुलेंस बुलाकर चोपन सीएचसी भेजवाया।सोमवार की सुबह लगभग दस बजे मोटरसाइकिल सवार युवक डाला से चोपन की ओर जा रहा था कि बाड़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने सड़क पर रखे ड्रम में टकराने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा उसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन का धक्का भी लग गया। घटना में सोनू जायसवाल उम्र 20वर्ष पुत्र स्व. संतोष जायसवाल निवासी नई बस्ती डाला की घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही अपने आवास पर बैठकर क्षेत्रवासियों की समस्या सुन रहे समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इस संबंध में चौकी प्रभारी शिव कुमार सिंह ने बताया कि अनियंत्रित बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन का धक्का लगने से मौत हो गई है आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# सरकार के विकास के दावे हो रहे हवाहवाई साबित

## नगर पालिका की बदहाल सड़के, नालियां बनी बच्चों और अभिभावकों के लिए परेशानी।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिले के नौगढ़ नगर पालिका में सड़के,नालियां स्कूली बच्चों और अभिभावकों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है लेकिन नगर पालिका नौगढ़ कान में तेल डालकर कुम्भकर्णी नींद में सो रहा है नगर पालिका को नगर के निवासियों के लिए कोई चिंता नही है नगर पालिका अंतर्गत आने वाली कुछ सड़को को छोड़ दिया जाए तो लगभग सभी स्कूलों की सड़कें और नालियां इस कदर खराब है जिस पर संभाल के न चला जाये तो चोटिल होना तय है नालियों पर बने ढक्कन घटिया निर्माण के कारण टूट गई है और सड़कों की खराब स्थिति के चलते बच्चों के चोटिल होने की पूरी सम्भवना और वाहनों के पलटने का खतरा बना हुआ है लेकिन नगर पालिका का ध्यान क्षेत्र की विकास की तरफ न होकर खुद के विकास की तरफ ज्यादा है ये कार्यशैली उस सरकार में है जो विकास के दावे कर रही है जिले में विकास केवल बोलने के लिए है लेकिन हकीकत कुछ और ही बया कर रही है। विदित हो कि जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने कमान संभाली तब से केवल विकास और जीरो टॉलरेंस की बाते ही सामने आती रही है लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही है जिले के लिए न तो विकास है और न ही कोई जीरो टॉलरेंस की नीति ग्रामीण क्षेत्रो की बात छोड़ दी जाए तो जिला मुख्यालय पर ही विकास कोसो दूर है जिले की नौगढ़ नगर पालिका अंतर्गत आने वाली स्कूली सड़के इस कदर बदहाल है जिस पर चलना मतलब जान का खतरा सभी सड़के इस कदर टूट चुकी है कि अगर संभल कर न चले तो वाहनो के पलटने और अनहोनी होने का खतरा बना हुआ है लेकिन इस तरफ न तो स्कूल का ध्यान है और न ही किसी जिला प्रशासन का बात अगर सरकार की करे तो हादसा होने के बात नींद से जागती है और कोटा पूरा करने के लिए जांच चलती है जिले के जनप्रतिनिधि भी जीत के बाद क्षेत्र में जाकर दुर्व्यवस्थाओं को देखने के बजाय उत्सवों में फोटो खिंचवाना पसंद करते है नौगढ़ नगर पालिका चेयर मैन जब से जीते है तब से कुछ ही दिन क्षेत्र में सक्रिय रहे बाद में क्षेत्र का हाल जानना तो दूर असुविधाओं की तरफ देखा तक नही। मजे की बात तो ये है जीत के बाद नगर पालिका चौयरमैन ने जनता की सुबिधा के लिए बड़े बड़े दावे और कार्य करने की बात की थी जिले में पानी निकासी की समस्या प्रथम वरीयता थी लेकिन आज भी नगर पालिका की जनता वही समस्या झेल रही है जो दस वर्ष पहले झेल रही थी नाली बनाने का कार्य जारी है लेकिन अभी कही भी कार्य खत्म नही हुआ और न ही समस्या का समाधान ही नगर पालिका करने में समर्थ रही कब तक खराब सड़को के कारण बच्चों को चोटिल होना पड़ेगा ये तो जिला प्रशासन और सरकार ही जाने लेकिन एक बात साफ है जिस तरह से दस वर्ष पहले सड़को का दंश झेल रहे थे आज भी स्थिति जस की तस है बदलाव शून्य है।

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए शुरू हुए आवेदन

सिद्धार्थनगर–मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत वर्ष 2024–25 में लक्ष्य भौतिक 98 एवं वित्तीय रू0 189. 17 लाख का आवण्टन शासन द्वारा किया गया है योजनान्तर्गत उद्योग एंव सेवा क्षेत्र की औद्योगिक इकाईयों की स्थापना हेतु 18 से 40 वर्ष तक के व्यक्ति आवेदन करने हेतु पात्र होंगे जो जनपद सिद्धार्थनगर के मूल निवासी एवं शैक्षिक योग्यता न्यूनतम हाईस्कूल हो सब्सिडीयुक्त इस योजना में 25 प्रतिशत अनुदान विभाग द्वारा दिया जाता है योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित है उद्योग विभाग के ई–पोर्टल कपनचउेउम.नचेकब.हवअ.पद पर आवेदक लॉगिन करते हुए आवेदन कर सकते हैं अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सिद्धार्थनगर में किसी भी कार्य दिवस में 10रू00 बजे से सॉयकाल 5रू00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र सिद्धार्थनगर द्वारा दिया गया है।

# मा0 राज्य सूचना आयुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

## समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें जन सूचना अधिकारीरूराज्य सूचना आयुक्त

## धारित सूचना समय सीमा के भीतर देना अनिवायरूराज्य सूचना आयुक्त




ब्यूरो देवरिया

देवरिया। माननीय राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री की अध्यक्षता में शनिवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में सूचना के अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। माननीय सूचना आयुक्त ने कहा कि राज्य सूचना आयोग विगत कुछ वर्षों से लंबित आवेदनों के समाधान के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इसमें उल्लेखनीय सफलता मिल रही है। माननीय राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि विभिन्न विभागों में तैनात जन सूचना अधिकारी मांगी गई सूचना देने में अनावश्यक विलंब नहीं करें। निर्धारित तय अवधि 30 दिनों के भीतर सूचना प्रदान करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि निर्धन एवं पीड़ितों को सूचना देने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जन सूचना अधिकारियों को ऐसे लोगों की परेशानी समझते हुए उनको यथाशीघ्र सूचना देकर उनकी समस्याओं के समाधान में सहयोगी बनना चाहिए। आरटीआई कानून की मूल भावना के अनुरूप सद्भावनापूर्वक सूचना दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम की मूलभूत जानकारी रखनी चाहिए। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचनाओं के संदर्भ में लोकहित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा सूचनाओं को प्रदान करने में अनावश्यक विलंब नहीं किया जाना चाहिए। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचना के संदर्भ में पूरी जानकारी मसलन सूचना कब प्राप्त हुई, सूचना का विषय, सूचना की स्थिति आदि के संदर्भ में पूरी जानकारी एक पंजिका में रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सूचना किसी अन्य विभाग से संबंधित है तो स्पष्ट रूप से उसका अंतरण 05 दिन के अंदर संबंधित अन्य विभाग को करे और लिखे की यह मेरे विभाग से संबंधित नहीं है। अपने पास आरटीआई कभी भी लंबित न रखें। सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने माननीय सूचना आयुक्त महोदय का समीक्षा बैठक हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की सभी जनपद स्तरीय अधिकारी कार्यालय स्तर पर आए आरटीआई आवेदन का निर्धारित समय में जवाब दें। इसे कार्यालय स्तर पर लंबित न रखे। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, एएसपी साउथ सुनील कुमार सिंह, एएसडीएम मंजूर अहमद अंसारी सहित विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारीगण ध्कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिता में बाबा बिहारी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

शाहगंज/सोनभद्र(आरएनएस )। जंग बहादुर सिंह इंटर कॉलेज शाहगंज में सम्पन्न क्षेत्रीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बाबा बिहारी इंटर कॉलेज भरकवाह के बच्चों का सराहनीय प्रदर्शन रहा, विद्यालय के प्रबन्धक बी एन यादव ने सभी प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करते हुए शिक्षा के साथ ही खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, विद्यालय के छात्र आशीष पाल ने गोला प्रक्षेपण में प्रथम स्थान लाकर जनपदीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया, लम्बी कूद में रोहित कुमार, हैमर थ्रो में अनुराग कुमार,भाला जूनियर वर्ग में सतीश पाल, सीनियर वर्ग भाला में राहुल कुमार का शानदार प्रदर्शन रहा, आठ से दस अक्टूबर को ओबरा इंटर कॉलेज में आयोजित होने वाली जनपदीय प्रतियोगिता में बच्चे प्रतिभाग करेंगे, बच्चों के साथ खेल शिक्षक मुकेश कुमार एवं आशीष कुमार को भी सम्मानित किया गया, प्रधानाचार्य अनरूध प्रसाद ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता में भी बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहेगा।

# श्रीपट्टी कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में महिलाओं के उत्थान, हितार्थ विधिक जागरूकता शिविर

मीरजापुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त सहयोग से उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विकास खण्ड कोन ग्राम श्रीपट्टी कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय श्रीपट्टी के प्रागंण में महिलाओं के हितार्थ अधिकार एवं संरक्षण कानूनी विषय पर विधिक साक्षरता, जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ डीएलएसए सचिव श्री विनय आर्या, एवं उपस्थित प्रशासनिक अधिकारीगणो ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार त्रिपाठी मध्यस्थ, रिर्सोस पर्सन ने किया। डीएलएसए सचिव, अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या ने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्री, एएनएम, आशा बहू, महिला समूह एवं क्षेत्रीय ग्रामीण महिलाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि महिलाएं, माता बहने परिवार की अग्रणी सदस्य होती है, उनके बगैर परिवार अधूरा है उनका सम्मान करना अनिवार्य है। महिलाओं के लिए संवैधानिक तौर पर उनके अधिकारों के कानून बनाये गये है, महिलाओं को समान कार्य का समान वेतन, घरेलू हिन्सा, महिला उत्पीड़न, भरण–पोषण, महिलाओं के मदद के लिए महिला थाना, महिला हेल्पडेस्क, महिला हेल्प लाईन इत्यादि, और महिलाओं को अंध ोरे में गिरफ्तार न करने के कानून बनाये गये है। साथ ही साथ महिलाओ के मदद के लिए जिला विधिक सेवा प्राधि ाकरण हमेशा तत्पर्य हैं, महिलाओं को यदि किसी प्रकारण की समस्या होती है तो प्राधिकरण में एक सादे कागज पर अपनी समस्या को लिखित तौर पर प्रस्तुत करने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विधिक सहायता प्रदान की जाती है, उपस्थित आप सभी महिलाओं को संरक्षण कानूनी सहायता से ।संबंधित पम्प्लेट किट उपलब्ध कराई जा रही है। जिसमें सारी जानकारी है। कृपया उसका अनुसरण करें और लाभ उठाये। सफल बनाया गया।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।